

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

■ रायपुर, सोमवार 17 जून 2024 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-080 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.


## कंचनजंगा एक्सप्रेस से मालगाड़ी टकराई:15की मौत

**दार्जिलिंग,17जून।** बंगाल में एक बड़ी रेल दुर्घटना हो गई है। जानकारी के अनुसार जलपाईगुड़ी से रंगापानी के बीच कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से एक तेज गति की मालगाड़ी ने ठोकर मार दी।टक्कर इतनी भीषण इतनी तेज थी कि ट्रैन की तीन बोगियां पटरी से उतर गई है।

इस भीषण दुर्घटना में गाड़ी की दो बोगी क्षतिग्रस्त होकर ऊपर चढ़ गई है। हादसे में अभी तक 15 लोगों की मौत और 60 के घायल होने की खबर मिल रही हैं। घायलों को नजदीक के मस्जिद में भेजा गया है।जहां से अस्पतालों में बेहतर ईलाज हेतु भर्ती किया जा रहा है।रेल्वे ने जानकारी हेतु सियालदह के हेल्पलाइन नम्बर 033-23508794, 2383326 जारी की है।जिस पर अपनों की जानकारी ली जा सकती है। रेल दुर्घटना की जानकारी मिलने पर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव एवं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने दुख व्यक्त किया है। दुर्घटना स्थल पर युद्ध स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में रेल दुर्घटना दुखद है। मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि पश्चिम बंगाल में रेल दुर्घटना दुखद है। उन लोगों के प्रति संवेदना जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं।' उन्होंने आगे लिखा कि अधिकारियों से बात की और स्थिति का जायजा लिया। प्रभावितों की सहायता के लिए बचाव अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी दुर्घटनास्थल पर जा रहे हैं।

वहीं प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। पश्चिम बंगाल में रेल दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये दिए जाएंगे। घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष और सीईओ जया वर्मा सिन्हा ने बताया कि इस घटना में मालगाड़ी के ड्राइवर और सहायक ड्राइवर और कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन के गार्ड की मौत हो गई है। उन्होंने बयाता कि रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा। सिग्नल की अनदेखी करने वाले ड्राइवर (लोको पायलट) की मौत हो गई और कंचनजंगा एक्सप्रेस के गार्ड की भी जान चली गई। अगरतला-सियालदह मार्ग पर सभी रेलवे स्टेशनों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए है। उत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) ने बताया कि 13174 कंचनजंगा एक्सप्रेस अगरतला से सियालदह जा रही थी तभी यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि टक्कर के बाद एक्सप्रेस ट्रेन का एक डिब्बा अलग हो गया और मालगाड़ी के इंजन के ऊपर चढ़ गया।



## संक्षेप

### झारखंड में भी नक्सलियों के खिलाफ बड़ा एक्शन

**मुठभेड़ में एक महिला समेत 4 नक्सली ढेर, एरिया कमांडर गिरफ्तार**

**रायपुर,17 जून।** छत्तीसगढ़ में साय सरकार नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी का नतीजा है कि सरकार बनने के सात माह के अंदर ही जवानों ने अबतक 120 से ज्यादा नक्सलियों का मार गिराया है। वहीं सैंकड़ों की संख्या में आत्मसमर्पण कर चुके हैं। वहीं छत्तीसगढ के सीमावर्ती राज्य झारखंड में भी नक्सलियों के खिलाफ बड़ा एक्शन हुआ है। झारखंड के चाईबासा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक महिला समेत चार नक्सली मारे गए हैं। वहीं, सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को पकड़ने में भी कामयाबी हासिल की है, जिसमें एक एरिया कमांडर और एक महिला नक्सली शामिल है। 17 जून की सुबह पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) में सुरक्षाबल के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें 4 नक्सलियों को ढेर किया गया। मारे गए नक्सलियों में एक महिला सहित 4 भाकपा नक्सली हैं। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबल के जवानों ने एक एरिया कमांडर और एक महिला नक्सली को पकड़ने में कामयाबी हासिल की। जवानों ने उनके पास से इंसास, एसएलआर और थ्री नॉट थ्री समेत 6 हथियार बरामद किए हैं। मारे गए नक्सलियों में एक जोनल कमांडर शामिल है जो मिसिर बेसरा का खास है। जबकि एक सबजोनल कमांडर है जो छत्तीसगढ़ का है इसके साथ ही एक एरिया कमांडर और एक महिला कैडर शामिल है।

इस घटना की जानकारी एसपी आशुतोष शेखर ने दी है। उन्होंने बताया है कि सुरक्षाबल के जवानों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ और सर्च अभियान में 4 नक्सलियों को ढेर कर दिया। मुठभेड़ के बाद जवान सर्च अभियान चला रहे हैं।

### बीजापुर,सुकमा और नारायणपुर के तेंदूपत्ता संग्राहकों को नगद भुगतान

**रायपुर,17 जून।** सरकार द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों के हित मे बड़ा निर्णय लेते हुए बस्तर संभाग के तीन जिलों बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर जिले के तेंदूपत्ता संग्राहको को उनके पारिश्रमिक राशि का नगद भुगतान करने का अहम निर्णय लिया गया है। बता दें की बीते दिनों पूर्व कांग्रेस और भाजपा के जनप्रतिनिधियों सहित सर्व आदिवासी समाज ने भी नगद भुगतान की माँग की थी।

### प्रवासियों के लिए भारत का सबसे महंगा शहर बना मुंबई

**मुंबई ,17 जून ।** भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई सबसे महंगे शहर के तौर पर शीर्ष स्थान पर बनी हुई है। मुंबई ने दिल्ली जैसे शहर को पीछे छोड़ दिया है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। एशिया में, पहले नंबर पर मुंबई और दूसरे नंबर पर दिल्ली है। यहां खर्चे और रहने की लागत, दोनों ही मामले में यह सबसे महंगा शहर है। रैंकिंग में मुंबई छह पायदान ऊपर चढ़ गया है, जबकि दिल्ली दो पायदान ऊपर आई है। कॉस्ट ऑफ लिविंग की मर्सर सर्वे 2024 की एक रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई अब प्रवासियों के लिए एशिया में 21वें स्थान पर है, जबकि दिल्ली सर्वे किए गए स्थानों में 30वें पोजीशन पर है। मर्सर में इंडिया मोबिलिटी लीडर राहुल शर्मा ने कहा, वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत काफी हद तक मजबूत स्थिति में है।

## किताब में बदला अयोध्या वाला चैप्टर,भड़के राम मंदिर के मुख्य पुजारी

**नई दिल्ली,17 जून।** एनसीईआरटी ने 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की नई किताब में राम मंदिर और बाबरी मस्जिद को लेकर कई बड़े बदलाव किए गए हैं। किताब में अयोध्या आंदोलन से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाओं के विवरण को लेकर बदलाव किया है। इसे लेकर अब राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास महाराज ने अपनी राय रखी है।



राम मंदिर के मुख्य पुजारी ने कहा कि वो इस बदलाव को सही नहीं मानते हैं। उनके मुताबिक, बाबरी मस्जिद मुद्दे को लेकर एनसीईआरटी की नई पाठ्यपुस्तक में कुछ 'कमियां' हैं। सत्येंद्र दास ने कहा कि किताब में यह नहीं बताया गया हैं कि 6 दिसंबर, 1992 को तीन गुंबद वाली संरचना को कैसे हटाया गया था। वो किताब में केवल केवल 9 नवंबर, 2019 से इस मुद्दे को बताना शुरू कर रहे हैं, जब अयोध्या पर फैसला दिया गया था। राम मंदिर के मुख्य पुजारी ने कहा कि किताब में 6 दिसंबर, 1992 की घटनाओं का विवरण नहीं है, जब बाबरी मस्जिद को ध्वस्त कर दिया गया था। किताब में 22 दिसंबर, 1949 का भी जिक्र नहीं है, जब मस्जिद परिसर में भगवान राम लला की मूर्ति प्रकट हुई थी। बता दें कि एनसीईआरटी कक्षा 12वीं की पॉलिटिकल साइंस की किताब से बाबरी मस्जिद का नाम हटा दिया गया है। इस किताब में मस्जिद की जगह 'तीन गुंबद वाला ढांचा' लिखा गया है।




## कार ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, 4 की मौत



**कालाहांडी,17 जून।** ओडिशा के कालाहांडी जिले के लाचिपुर चक के पास खारियल पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में एक चार पहिया वाहन और ट्रैक्टर के बीच टक्कर में 4 लोगों के मौत की खबर है. रिपोर्ट के अनुसार, इस दर्दनाक दुर्घटना में कार चालक की भी मृत्यु हो गई. मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है. खारियल पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी. अज्ञात शवों को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. शक है कि चार लोग भवानीपटना जा रहे थे जब उनकी चार पहिया वाहन लाचिपुर चक के पास ट्रैक्टर से टकरा गई. हालांकि, इस भयावह हादसे का कारण और परिस्थितियाँ अभी भी स्पष्ट नहीं हो पाई हैं. दोनों वाहनों के बीच टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई. वहीं, रिपोर्ट के अनुसार ट्रैक्टर चालक दुर्घटना के बाद से फरार है. इस संबंध में एक मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस फरार ट्रैक्टर चालक को पकड़ने के लिए अभियान चला रही है.

### सड़क हादसा में सेना के 2 जवानों की मौत

**नागपुर,17 जून।** महाराष्ट्र के नागपुर से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है. यहां एक भीषण सड़क हादसे में भारतीय सेना के दो जवानों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि 6 जवानों समेत सात लोग घायल हो गए हैं. घटना की सूचना मिलते है मौके पर पहुंची पुलिस-प्रशासन की टीम ने घायलों के नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया. जबकि शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया. घायलों में कई की हालत गंभीर बताई जा रही है. हादसा एक प्राइवेट बस और ऑटो रिक्शा के टकराने से हुआ है.

### बोलेरो और ट्रक में टक्कर, 14 घायल

**बालोद,17 जून।** प्रदेश में सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है. बालोद जिला में डौंडी थाना क्षेत्र में पुलिस बेरियर के पास तेज रफ्तार बोलेरो और ट्रक में आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई, जिसमें बोलेरो में सवार 14 लोग घायल हो गए, जिनमें से 4 की हालत गंभीर है. जानकारी के अनुसार, बोलेरो में सवार नारायणपुर से मरनी के काम से वापस अपने गांव हर्राठेमहा लौट रहे थे. वहीं ट्रक नारायणपुर के तरफ जा रही थी.

## तंत्र-मंत्र से दस गुना करने का झांसा देकर 5 लाख की ठगी, बैगा व सहयोगी गिरफ्तार

**बालोद,17 जून ।** तंत्र-मंत्र के जरिए पैसों को दस गुना करने के नाम पर लगभग पांच लाख रुपए की ठगी को अंजाम दिया. प्रार्थी की शिकायत पर अर्जुन्दा पुलिस ने फर्जी बाबा के साथ सहयोगियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला अर्जुन्दा क्षेत्र के ग्राम पिरीद का है, जहां रहने वाले प्रार्थी नरेन्द्र कुमार हिरवानी ने 15 जून को थाना में आकर शिकायत दर्ज कराई कि ग्राम कांदुल निवासी रविन्द्र कुमार ने अप्रैल महीने में अपने घर बुलाकर ऐसे तांत्रिक से मुलाकात कराई, जिसने बताया कि वह तंत्र-मंत्र से पैसा को करोड़ों में बनाने का काम करता है. अपनी बात को साबित करने के लिए रविन्द्र कुमार के घर की बाड़ी में पूजा-पाठ व मंत्रोच्चारण कर बैगा पुनाराम ने 5001 रुपए देने बोला. पैसों को काले कपड़े में रखने के बाद जाकर देखा तो उसमें 50,100 व 200 रुपए के नोट उसमें पड़े हैं, जो कुछ 8000 रुपए थे। नरेंद्र ने पुलिस को बताया कि इससे उसके मन में लालच आ गया, जिसे भांपते हुए बैगा ने 450000 रुपए की मांग करते हुए इसके बदले में नब्बे लाख रुपए देने का वादा किया. जिस दिन पैसा दिया, उसी रात को मंत्रोच्चारण के जरिए 200,100 व 50 रुपए का नोट बनाकर कुल 6000 रुपए की राशि बनाकर दिखाई. इसके बाद कहा कि आज इतना ही नोट बनेगा, दो-चार दिन बाद मंत्रोच्चारण कर नोट बनाएंगे कह कर चले गए, लेकिन उसके बाद कभी भी वापस नहीं आए। पैसों को दस गुना करने का झांसा देकर कर ठगी करने का अहसास होने पर नरेंद्र ने थाने में शिकायत दर्ज कराई. मामले की गंभीरता को देखते हुए अर्जुन्दा पुलिस ने अर्जुन्दा निवासी महावीर मंडावी पिता झुमूक लाल (52 साल), रविन्द्र कुमार दीवान पिता डोमार सिंह (39 वर्ष) और रायपुर के खरोरा थाना स्थित चोरभठ्ठी भाठापारा निवासी पुनाराम खुटे पिता शंकर लाल खुंटे (42 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है 1



### राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी ने ईद-उल-अजहा पर दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली ,17 जून ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को ईद-उल-अजहा पर देशवासियों, विशेषकर देश-विदेश में रहने वाले मुस्लिम भाई-बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी से मिलजुल कर काम करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शुभकामनाएं देते हुए समाज में सद्भाव और एकता के और मजबूत होने की कामना की है।

राष्ट्रपति ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सभी देशवासियों, विशेषकर देश- विदेश में रहने वाले मुस्लिम भाई-बहनों को ईद-उज-जुहा की हार्दिक शुभकामनाएं!

## भाजपा की जांच समिति सिर्फ ध्यानाकर्षण के लिए: कांग्रेस

**रायपुर,17 जून।** सतनामी समाज के विरोध प्रदर्शन के दौरान कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आगजनी की घटना की जांच के लिए भाजपा ने पांच सदस्यीय समिति आज बलौदाबाजार के लिए रवाना हो गई. इस बीच कांग्रेस ने भाजपा की जांच समिति पर तंज कसते हुए कहा कि यह सिर्फ ध्यानाकर्षण के लिए है.

भाजपा की जांच समिति के बलौदाबाजार जाने पर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बलौदाबाजार की घटना पर संगठन द्वारा जांच दल का बनाकर भेजना हास्यास्पद है. भाजपा की सरकार है, सारी मशीनरी उनके पास है. सरकार में बैठे हुए लोग इतने सक्षम नहीं हैं कि निष्पक्ष जांच कर पाए, जो जांच दल बनाने की जरूरत पड़ी. यह सिर्फ ध्यानाकर्षण के किए ये किया जा रहा है.

सुशील आनंद शुक्ला ने इसके साथ प्रदेश में प्रत्यक्ष प्रणाली से नगरीय निकाय चुनाव कराने की साय सरकार की तैयारी पर कहा कि कांग्रेस चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है. भाजपा के ख़िलाफ़ वातावरण है, जिसकी वजह से कांग्रेस के पक्ष में नतीजे आएंगे. चुनाव किसी भी प्रणाली से हो, हम सब ढंग से चुनाव लड़ने के किए तैयार हैं. उन्होंने कहा कि सरकार सीधे चुनाव करा रही इसका मतलब है कि भाजपा में डर है. धांधली कर महापौर बनाने की तैयारी की जा रही है.

वहीं उप मुख्यमंत्री अरुण साव के आज ट्रेन से बिलासपुर जाने पर सुशील आंनद शुक्ला ने कहा कि ट्रेन में सफर करके अरुण साव क्या संदेश देना चाहते हैं कि मोदी सरकार ट्रेन चलाने में विफल हो गई है. ये ट्रेन में आवाजाही का पीक समय होता है. बिना बताए ट्रेन रद्द किया जा रहा है, रूट चेंज कर दिया जा रहा है. अरुण साव नौटंकी ना करे. ट्रेन में जाकर आप क्या करेंगे.

### कुर्बानी के बकरे पर लिखा राम, भाजपा नेता बोले- महिमा देखो, बच गई इसकी जान

**नई दिल्ली,17 जून।** नवी मुंबई में एक बकरे के शरीर पर राम लिखे जाने को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। पुलिस ने मीट शॉप को सील करते हुए तीन लोगों के खिलाफ गिरफ्त में ले लिया है। सोशल मीडिया पर भी इसको लेकर बहस छिड़ गई है। इस बीच भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने कहा है कि राम नाम की महिमा से बकरे की जान बच गई है। काटने और खाने की तैयारी थी। राम नाम की महिमा देखिए सिर्फ राम लिखा होने के कारण ये पशु आज जीवित है। वो नफरत की दुकान बंद है और इस पशु को मारने की नीयत रखने वाला पुलिस गिरफ्त में हैं। जय श्री राम।' दरअसल नवी मुंबई के सीबीडी बेलापुर इलाके में एक बकरे को बेचा जा रहा था जिसके शरीर पर पीले रंग से अंग्रेजी में राम लिखा गया था। इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हंगामा खड़ा हो गया। हिंदू सगंठनों के लोग थाने के बाहर प्रदर्शन करने लगे। मामले को तूल पकड़ता देख नवी मुंबई पुलिस ने एफआईआर दर्ज की और मीट शॉप के मालिक को हिरासत में लिया।



## कांग्रेस ने मोदी संग पोप फ्रान्सिस की मुलाकात का उड़ाया मजाक

**नई दिल्ली,17 जून।** कांग्रेस पार्टी की केरल इकाई द्वारा सोशल मीडिया पर एक व्यंग्यात्मक पोस्ट की गई थी, जिसमें इटली में जी7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पोप फ्रांसिस के बीच हुई मुलाकात का मज़ाक उड़ाया गया था, जिस पर भाजपा ने नाराज़गी जताई है। इस पोस्ट को अब हटा दिया गया है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की पोप के साथ एक तस्वीर थी और टिप्पणी थी, "आखिरकार, पोप को भगवान से मिलने का मौका मिल गया!" यह प्रधानमंत्री मोदी के पिछले बयान का संदर्भ था, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें यकीन है कि उन्हें "भगवान ने" किसी उद्देश्य से भेजा है।

भाजपा ने तुरंत ही इस पोस्ट की कड़ी निंदा की और कांग्रेस पर प्रधानमंत्री मोदी और पोप दोनों का अपमान करने का आरोप लगाया। केरल भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने ट्वीट किया, "@INCIndia केरल 'X' हैंडल, जो कट्टरपंथी इस्लामवादियों या शहरी नक्सलियों द्वारा चलाया जा रहा है, राष्ट्रवादी नेताओं के खिलाफ़ अपमानजनक और अपमानजनक सामग्री पोस्ट करना जारी रखता है। अब, यह सम्मानित पोप और ईसाई समुदाय का मज़ाक उड़ाने तक गिर गया है।" उन्होंने कांग्रेस के दिग्गज नेताओं जैसे पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, वायनाड के सांसद राहुल गांधी और महासचिव केसी वेणुगोपाल पर निशाना साधा और सवाल किया कि क्या वे इस तरह के बयानों का समर्थन करते हैं। केरल भाजपा महासचिव जॉर्ज कुरियन ने कहा कि यह पोस्ट अपमानजनक और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है, खासकर केरल में, जहां ईसाई धर्म तीसरा सबसे बड़ा प्रचलित धर्म है। भाजपा आईटी सेल के प्रभारी अमित मालवीय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का इतिहास अन्य धर्मों को बदनाम करने का रहा है और उन्होंने कैथोलिक पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से माफी मांगने की मांग की। मालवीय ने एक्स पर पोस्ट किया, "हिंदुओं का मजाक उड़ाने और उनकी आस्था का उपहास उड़ाने के बाद, कांग्रेस में इस्लामवादी-मार्क्सवादी गठजोड़ अब ईसाइयों का अपमान करने पर उतर आया है। यह तब है, जब सबसे लंबे समय तक कांग्रेस अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी खुद कैथोलिक हैं। उन्हें विश्वासियों से माफी मांगनी चाहिए।"जवाब में, कांग्रेस ने पोप फ्रांसिस के बयान का हवाला दिया कि भगवान के बारे में मजाक करना पाखंड नहीं है। पार्टी ने ट्वीट किया, "जब आप एक भी दर्शक के होठों से बुद्धिमानी भरी मुस्कान निकालने में कामयाब हो जाते हैं, तो आप भगवान को भी मुस्कुराने पर मजबूर कर देते हैं। पोप फ्रांसिस ने यह बात शुक्रवार, 14 जून को नरेंद्र मोदी से मिलने के उसी दिन कही थी।" के सुरेंद्रन और जॉर्ज कुरियन को टैग करते हुए, पार्टी ने व्यंग्यात्मक रूप से कहा, "अगली बार किस्मत अच्छी हो।"केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष वीटी बलराम ने पोस्ट का बचाव करते हुए कहा कि यह व्यंग्यात्मक था और इसका उद्देश्य पीएम मोदी के जनसंपर्क प्रयासों में "छिद्रता" को उजागर करना था। "यह खुद मोदी हैं जिन्होंने दावा किया कि वे सामान्य इंसान नहीं हैं, बल्कि भगवान द्वारा भेजे गए हैं। यह विशेष ट्वीट व्यंग्यात्मक है।" बढ़ते विरोध के बीच, कांग्रेस की केरल इकाई ने पोस्ट को हटा दिया और "ईसाइयों को कोई भावनात्मक या मनोवैज्ञानिक परेशानी" पहुँचाने के लिए माफ़ी मांगी। एक बयान में, इसने स्पष्ट किया कि इसका उद्देश्य किसी भी धर्म या धार्मिक हस्तियों का अपमान करना नहीं है।



**विरोध के बाद माफी मांगी, हटाया ट्वीट**

### मणिपुर को लेकर एक्शन में सरकार

**नई दिल्ली ,17 जून ।** मणिपुर में जारी हिंसा के हालात पर काबू पाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज शाम चार बजे एक उच्च स्तरीय सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में मणिपुर के वर्तमान हालात पर चर्चा की जायेगी और आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। मणिपुर में 3 मई से मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जारी हिंसा के कारण अब तक 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं।इस बैठक में मणिपुर के सीएम एन वीरेंद्र सिंह के साथ राज्य के पुलिस और प्रशासन के अधिकारी और केंद्रीय गृह मंत्रालय के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। बीते दिन मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने अमित शाह से मुलाकात की थी।

एक नजर

## निगम एमआईसी की बैठक में टैक्स वसूली बढ़ाने पर जोर,निर्माण कार्यों को मिली स्वीकृति

**दुर्ग, 17 जून।** नगर पालिक निगम एमआईसी की बैठक की गई। इस बैठक में नगर निगम महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, समेत एमआईसी के सभी सदस्य निगम के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहें।बैठक महापौर धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता में ली गई।जिसमें विकास कार्यों,वित्त विभाग,स्वास्थ्य विभाग,लोक कर्म विभाग, राजस्व विभाग तथा जल विभाग से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई।आपको बता दें कि, बैठक में निगम महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निगम की आय बढ़ाने एमआईसी सदस्यों की बैठक में अधिकारियों को टैक्स वसूली बढ़ाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में हर घर और दुकान सहित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का सर्वे कर ऐसे मकान व दुकानों की सूची बनाई जाए जिन्होंने बिना निगम की अनुमति के निर्माण किया है और सभी निर्माण पर टैक्स निर्धारण करें।वार्ड क्रमांक 52 आनंद विहार से गणपति विहार तक नाला निर्माण कार्य भूमि विवाद होने के कारण नवीन परिवर्तन कर कार्य स्थल -वार्ड 52 कदम प्लाजा चौक से मन्नम नगर मुख्य मार्ग की ओर नाला निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई है।वार्ड क्रमांक 53 बोरसी क्षेत्र में माता तालाब से हनुमान मंदिर तक सीसी सड़क निर्माण कार्य हेतु 4 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति अधोसंरचना मद मुख्यमंत्री घोषणा 25 करोड़ अतर्गत प्राप्त है।वार्ड 53 में अन्य स्थान पर कार्य अति आवश्यक होने के कारण वार्ड पार्षद द्वारा नवीन कार्य स्थल पर अटल आवास के पास नवनिर्मित सामुदायिक शौचालय पहुंच मार्ग निर्माण कार्य की अनुशंसा है जी पर स्थल परिवर्तन हेतु चर्चा की गई।मिशन क्लीन सिटी योजना अंतर्गत वर्ष 2011 जनगणना के आधार पर 57451 मकान/दुकान से डोर टू डोर कलेक्शन कार्य हेतु 582 स्वच्छता दीदी की स्वीकृति प्रदान की गई थी वर्तमान में जनसंख्या एवं दुकान / मकान की संख्या 72766 हो गई है। बढ़ोतरी होने के कारण 160 अतिरिक्त स्वच्छता दीदी मिशन क्लीन सिटी योजना अंतर्गत श्रमिक रखे जाने हेतु एवं 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत शासन को मैन्युअल रिक्शा क्रय का प्रस्ताव भेजा गया है। जिस पर भी समिति के समक्ष चर्चा की गई।सदगुरु कबीर साध्वी आश्रय की स्थापना पोटिया कला दुर्ग में योगशाला एवं छायादार औषधि सर्व सुविधायुक्त उपवन का प्रस्ताव के अलावा वाहन शाखा द्वारा सफाई कार्य हेतु प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता श्रमिक (वाहन) 56,अग्निशमन चालक 02, विभागीय वाहन चालक 39, विद्युत यांत्रिकी श्रमिक 16, इलेक्ट्रीशियन 08 कुल 121 श्रमिक प्रदाय हेतु 198.00 लाख कार्य हेतु निविदाकार द्वारा ऑफर दर प्रस्तुत किया गया है।तकनीकी परीक्षण उपरांत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

# कुर्बानी के जज्बे के साथ मना ईद उल अजहा का त्यौहार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 17 जून।** कुर्बानी के जज्बे के साथ आज सोमवार को ईद उल अजहा का त्यौहार मनाया जा रहा है। इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में विशेष नमाज अदा कर देश में अमन और शांति की दुआ की। बारिश के मौसम को देखते हुए शहर की तमाम मस्जिद कमेटियों ने ईद की नमाज के इंतजाम किए गए थे लेकिन मौसम खुला रहा जिससे ईदगाह मैदान में जमाअत हुई जहां नमाज अदा की गयी। पूर्व तय कार्यक्रमानुसार जामा मस्जिद ईदगाह सेक्टर-6 में ठीक सुबह 8 बजे ईद की नमाज हुयी। रिसाली मस्जिद ईदगाह कादरी मस्जिद में सुबह 7:30, अशरफी मस्जिद रूआबांधा में 06:30, फरीद नगर ईदगाह में 07:30, गरीब नवाज मस्जिद सुपेला में 07:30 बजे, रज़ा जामा मस्जिद कैंप 2 में सुबह 08:00, हनफी मस्जिद कोहका में 07:30, गौसिया मस्जिद कैंप-1 में 07:45, मदनी मस्जिद जोन-2 खुर्सीपार में 8:00, अशरफी मस्जिद जोन 3 खुर्सीपार में 07:15, मस्जिद हजरत बिलाल हुडको में 07:30 बजे, एमपी हाउसिंग बोर्ड में 07:30 बजे ईद की नमाज अदा की गयी। इसके अलावा ईद उल जुहा की नमाज मरकजी मस्जिद पावर हाउस कैम्प-2 में सुबह 8.00 बजे, मदनी मस्जिद फरीद नगर में सुबह 6.30बजे, जामा मस्जिद हुडको में सुबह 7.00 बजे, मस्जिद नूर सुपेला मरकज में सुबह 7.45 बजे,हजरत उमर फारूक मस्जिद एकता नगर भिलाई-3 में 7.45 बजे और पेट्रोल पंप के पीछे मस्जिद भिलाई 3 में सुबह 8.00 बजे रखी गई। ईद उल अजहा को लेकर मुस्लिम समुदाय में खासा उल्लास देखने को मिला।

# महाराणा प्रताप जयंती में विधानसभा अध्यक्ष और डिप्टी सीएम हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,17 जून।** भारत के शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक, सनातन धर्म रक्षक, युग पुरुष महाराणा प्रताप की 484 वी जयन्ती कवर्धा नगर में मनाई गई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने युग पुरुष महाराणा प्रताप के तैल्य चित्र में दीप प्रज्ज्वलित और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज कवर्धा में महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह और उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा के पहुंचने पर राजपूत क्षत्रिय समाज के पदाधिकारियों ने महाराणा प्रताप की स्मृति चिन्ह, शस्त्र भेटकर और पगड़ी पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सियाराम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, केंद्रीय उपाध्यक्ष राजपूत क्षत्रिय समाज 3738 श्री अनिल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक सहित पांचो परिक्षेत्र के अध्यक्षगण विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने महाराणा प्रताप जयंती की बधाई देते हुए कहा कि हमे उसी रास्ते पर चलना है, जो रास्ता भगवान श्री राम और महाराणा प्रताप ने बताया है। उन्होंने कहा कि सम्मान उसका नही होता है जो राज सिंहासन पर बैठता है। सम्मान उसका होता है, जो राज सिंहासन को छोड़कर संघर्ष के लिए जंगल, झाड़ी, पर्वतों पर घूमते हुए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि संघर्ष का नाम ही महाराणा प्रताप है, जिन्होंने अकबर की दासता कभी स्वीकार नहीं की। महाराणा प्रताप ने इस देश के आजादी के लिए सातङ्कसात बार हल्दी घाटी के युद्ध में अकबर की विशाल सेना के साथ संघर्ष करते रहे और इसी संघर्ष में उन्होंने अपना जीवन बिताया। महाराणा प्रताप भगवान श्री राम के भक्त थे। जैसे भगवान श्री राम ने जंगल में रहकर आदिवासियों, वानर सेना को संगठित कर रावण को पराजित किया वैसे ही महाराणा प्रताप ने अरावली की पर्वत में घूमतेङ्कघूमते भील और कोल के साथ मिलकर अकबर के दांत खट्टे किए। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप अपने बच्चों के साथ घास की रोटियां खाई लेकिन कभी समर्पण और दासता स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप आजादी के पहले योद्धा है जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए रास्ता बताया। आज इसी का परिणाम है कि हम देश के मान सम्मान के ऐसे क्षण में मौजूद है जब हिंदुस्तान में एक सांस्कृतिक परिवर्तन का शंखनाद हो चुका हैं। देश में अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला विराज चुके है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने है। जिसकी प्रयासों से आज पूरा देश विकसित भारत की संकल्पना को साकार कर रहा हैं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महाराणा प्रताप जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने स्थानीय क्षत्रिय समाज की ओर से प्रस्तुत सभी मांग पत्रों को स्वीकार करते हुए और सभी मांगों के लिए अपनी सैद्धान्तिक सहमति दी। उप मुख्यमंत्री ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि राजपूत क्षत्रिय समाज वह समाज है जो सनातन परंपरा मान बिंदू के लिए अपना प्राण लगा देता है। आज समाज के सभी लोग एक साथ इकट्ठा होकर महाराणा प्रताप जयंती में शामिल हुए है। उन्होंने कहा कि जबङ्कजब समाज देश में कोई विपत्ति आई है तबङ्कतब राजपूत समाज ने महाराणा प्रताप को स्मरण करते हुए सेवा के लिए उपस्थित हुए है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के आदर्शों को मानने वाले उनके बताए रास्तों पर चलने वाला पूरा समाज सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। उप मुख्यमंत्री ने इस आयोजन के लिए समाज को बधाई दी। इस अवसर पर सुबह महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर ध्वजारोहण एवं माल्यार्पण किया गया। दोपहर विशाल क्षत्रिय समागम सभा एवं शाम भव्य शौर्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा मे समाज के नव युवको द्वारा शौर्य का प्रदर्शन भी किया गया। इसमें विभिन्न झांकियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में कवर्धा नगर अध्यक्ष, राजपूत क्षत्रिय समाज श्री चंद्रिका सिंह ठाकुर और सिंह नवयुवक मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व एवं समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, दिलीप सिंह ठाकुर, चंद्रिका सिंह ठाकुर, कैलाश चन्द्रवंशी, चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी, क्रांति गुप्ता, मनिराम साहू, योगेंद्र सिंह ठाकुर, हेमलाला सिंह ठाकुर, रामसिंह, कल्याण सिंह, केहर सिंह, खुमान सिंह, सुनील सिंह, मनोज सिंह, अमन सिंह, दुर्गेश सिंह, सुमित सिंह, अमन सिंह, उदय सिंह, सहित राजपूत समाज के पदाधिकारीगण और नागरिक उपस्थित थे।

## डिप्टी सीएम विजय शर्मा के निर्देश पर एसआईटी का हुआ गठन



**कवर्धा, 17 जून।** उप-मुख्यमंत्री व गृह मंत्री श्री विजय शर्मा ने ग्राम-बिरकोना, थाना-पिपरिया, जिला-कबीरधाम निवासी मृतक कोमल साहू पिता स्व.प्रेमलाल साहू की संदेहास्पद मृत्यु की निष्पक्ष उच्च-स्तरीय जांच के लिए एस.आई.टी. गठित किए जाने के निर्देश अपर मुख्य सचिव को दिए थे । गृहमंत्री ने प्रकरण की विशिष्टता एवं संवेदनशीलता के दृष्टिगत अनुसंधान हेतु 1 पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में 6 सदस्यीय विशिष्ट जांच दल तत्काल गठित करने हेतु निर्देशित किया था जिस पर जांच कमेटी गठित किया गया है।जाँच समिति को त्वरित जाँच करने निर्देशित किया गया है । एसआईटी में निम्न अधिकारी रहेंगे- 1. रामकृष्ण साहू, पुलिस अधीक्षक, जिला-बेमेतरा । 2. श्रीमती नेहा पाण्डेय, अति. पुलिस अधीक्षक, खैरागढ़। 3. मोहन पटेल, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, प्रभारी सीन ऑफ काईम यूनिट, जिला-दुर्ग। 4. सुश्री तनुप्रिया ठाकुर, उपुअ (अजाक), जिला-राजनांदगांव। 5. विजय मिश्रा, निरीक्षक जिला-राजनांदगांव। 6. मयंक मिश्रा, उप निरीक्षक जिला-बेमेतरा ।

## सीनियर थ्रो बाल में प्रदेश की टीम को स्वर्ण विधायक रिकेश ने खिलाड़ियों को दी बधाई




**भिलाई, 17 जून।** 47वीं सीनियर राष्टीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश थ्रोबाल की पुरुष टीम ने स्वर्ण एवं महिला टीम ने कांस्य पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता 6 से 8 जून तक हैदराबाद तेलंगाना के हयात नगर स्थित वर्ड एंड डीड एजुकेशनल अकादमी में आयोजित की गई थी। आज दोनों ही विजेता टीम ने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ टीम की इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए विधायक रिकेश सेन ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाइयां दीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम में शामिल दीपक गहलोत, गौतम राव, अशोक कुमार, राजू, गौरव आर्या, गुरुदेव, सुमित चौरसिया, अविनाश, दूधेश्वर, राजेश, मयंक, गीतेश, नंद किशोर गुप्ता, रोहित एवं नवीन तथा महिला टीम से चांदनी सोनवानी, रिया विश्वकर्मा, ज्योति, अनामिका, रितिका, अशिता, श्रेया, दिशा गुप्ता, दीपशिखा, आंचल, हीना, नेहा, लीला, आंचल, वंशिका तथा टीम कोच श्रीकांत दासगुप्ता मौजूद रहे।

## कूरियर ब्वाय से 3500 रुपए की लूट

**भिलाई, 17 जून।** भिलाई अमलेश्वर थाना अंतर्गत घर लौट रहे एक कु रियर ब्वाय को मोटर साइकिल से गिराकर मारपीट कर तीन लोगों ने जेब से 3500हजार रुपए नगद, मोबाइल सहित अन्य सामान लूट लिया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 394,34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि ग्राम-महुदा निवासी जय प्रकाश फ्लिप कार्ड में कुरियर ब्वाय का काम करता है उसने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 15 जून की रात 10 बजे घर वापस जा रहा था। इसी दौरान महुदा गौठान के पास पहुंचा था कि पीछे से मोटर साइकिल में तीन लोग आए हाथ मारा तो जय प्रकाश अनियंत्रित होकर गिर गया तब उन लोगों ने मारपीट कर जय प्रकाश के जेब से मोबाइल और पर्स में रखे 3500 रुपए नगद, लाइसेंस व 4 एटीएम कार्ड लूट कर भाग गए ।

# योग की शक्ति से अपना जीवन परिवर्तन कर सुख-शांति से सम्पन्न बनाना है:आशा दीदी



भिलाई, 17 जून। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर 2 स्थित स्वर्गीय राजेश पटेल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में अंतर्राष्टीय योग दिवस मास के अवसर पर विशाल योग उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रातः 5:00 से ही स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में श्वेत वस्त्र धारी ब्रह्मा वत्सो का आगमन प्रारंभ हो गया और देखते ही देखते पूरा स्पोर्ट्स कंपलेक्स श्वेत वस्त्र धारी फरिश्तों से भर गया। भिलाई सेवा केन्द्रों की निदेशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने अपने प्रेरणादाई आशीर्वचन में बताया कि इस योग मास में योग शक्ति के प्रयोग द्वारा स्वयं के जीवन से बीती बातों को भूलकर जीवन में नए संस्कार धारण करने हैं। हमारा जीवन व्यर्थ निगेटिव वाई-क्यों की बातों के बजाय खुशी उमंग उत्साह फ्लाई (उड़ना अर्थात हल्का रहना) के रूप में चले अर्थात जीवन में नो वाई(क्यों) ओनली फ्लाई। आशा दीदी ने इस विशाल योग उत्सव आयोजन का लक्ष्य बताते हुए कहा कि राजयोग द्वारा परम योगेश्वर परमात्मा से हमें घृणा, क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष अवगुणों को योग की शक्ति से अपना जीवन परिवर्तन कर सुख शांति से सम्पन्न बनाना है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नवनिर्वाचित सांसद विजय बघेल ने ब्रह्माकुमारिज़ संस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था विगत 88 वर्षों से हजारों समर्पित ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा पूरे विश्व में निशुल्क राजयोग सीखा कर जीवन में योग के महत्व को बता रही है। योग की आवश्यकता को आज विश्व के सभी देशों ने अंगीकार किया है। योग उत्सव कार्यक्रम में पॉउज फॉर इनर पीस प्रोजेक्ट का उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर विधिवत शुभारंभ किया। वरिष्ट राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची दीदी ने पॉउज फॉर इनर पीस, आंतरिक शांति के लिए रुके, प्रोजेक्ट के बारे में बताया कि यह प्रोजेक्ट योग मास में ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा सभी संस्थानों में तीन दिन तक चलेगा, जिसमें दैनिक दिनचर्या की समस्याओं के समाधान के लिए 20 मिनट शक्तिशाली राजयोग कॉमेंट्री का अभ्यास कराया जाएगा। ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित योग उत्सव कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, रजनी बघेल ,पवन कुमार (ई डी पी एंड ए-भिलाई इस्पात सयंत्र), डॉ गोयल, एम एम त्रिपाठी, अजय शुक्ला (जनसम्पर्क अधिकारी नगर निगम), पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित उषा बारले, पार्षद साधना सिंह, नोमिन साहू, आईआईटी भिलाई स्टाफ एवं पीएचडी रिसर्च स्कॉलर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित रह विशाल योग उत्सव आयोजन का लाभ लिया। डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा योग पर आधारित सुन्दर योग नृत्य प्रस्तुत किया गया। योग उत्सव में योगा एक्सरसाइज, प्राणायाम के पश्चात संगठित रूप से शक्तिशाली राजयोग मेडिटेशन का कॉमेंट्री द्वारा प्रकृति सहित विश्व में शांति और शक्ति के प्रकम्पन प्रवाहित किये गए।

## गुरुद्वारा प्रबंध समिति को विधायक रिकेश ने समर्पित किया ई-रिक्शा



**भिलाई, 17 जून।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने अपने पहले मानदेय की राशि से नेहरू नगर गुरुद्वारा के लिए ई-रिक्शा खरीद कर गुरुद्वारा प्रबंध समिति को समर्पित किया है। यह ई-रिक्शा शव फ्रीजर लाने-ले जाने के लिए भिलाई-दुर्ग क्षेत्र में जरूरतमंदों को निःशुल्क सेवा देगा। उल्लेखनीय है कि विधायक रिकेश सेन ने अपने दूसरे, तीसरे और चौथे विधायक मानदेय को झारखंड बैजनाथ धाम मंदिर प्रांगण की गलियों में रेड कारपेट मैट बिछाने के कार्य हेतु बाबा धाम ट्रस्ट को समर्पित किया है। रविवार को नेहरू नगर गुरुद्वारा में प्रबंध समिति को ई रिक्शा समर्पित करते हुए विधायक रिकेश सेन ने कहा कि अमूमन देखने में आता है कि हमारे युवा साथी अपनी पहली सैलरी से डिस्को, पब में पार्टी कर खर्च करते हैं, युवाओं से आग्रह है कि वो ऐसे काम में अपनी पहली सैलरी का कुछ हिस्सा अवश्य लगाएं जो मानव सेवा के लिए हों। मैं जब पहली बार पार्षद बना था तो अपना पहला मानदेय मैंने अपने माता-पिता को समर्पित किया था। अब मेरे माता पिता इस दुनिया में नहीं हैं इसलिए विधायक बनते ही मैंने अपना पहला विधायक मानदेय शव फ्रीजर लाने-ले जाने के लिए आवश्यक वाहन को खरीदने में लगाया है, यह वाहन आज जनसेवार्थ गुरुद्वारा समिति को समर्पित करने में मुझे जो आत्मसंतुष्टि मिली है उसका अनुभव क्षेत्र के युवाओं को भी अवश्य लेना चाहिए। सेन ने बताया कि बैजनाथ धाम में उनके द्वारा सदुपयोग में लाई गई मानदेय राशि से स्पेशल मैट बिछाने का कार्य शुरू हो गया है। यहां देश भर से श्रावण महीने में श्रद्धालु जल चढ़ाने आते हैं, बैजनाथ धाम मंदिर की गलियों में पानी और कीचड़ से भक्तों को चलने में असुविधा होती थी जिसे ध्यान रखते हुए मैंने तीन माह का विधायक मानदेय बैजनाथ धाम ट्रस्ट को समर्पित किया है ताकि इन गलियों में स्पेशल रबर मैट कारपेट बिछाया जा सके। यह कार्य मंदिर ट्रस्ट के अधीन प्रारंभ हो चुका है।

# मुख्यमंत्री साय ने निर्धन दिव्यांग सामूहिक आदर्श विवाह समारोह में नवदंपत्तियों को दिया आशीर्वाद




**भिलाई, 17 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार को अखिल भारतीय निर्धन दिव्यांग सामूहिक आदर्श विवाह समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। समाजसेवी संस्था आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्थान द्वारा आयोजित इस सामूहिक आदर्श विवाह में सभी समाज के 250 दिव्यांग जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं अन्य अतिथियों ने परिणय सूत्र में बंधे दिव्यांग नव दंपत्तियों को उनके सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए आशीर्वाद दिए। समारोह में सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर और नगर निगम दुर्ग के महापौर धीरज बाकलीवाल भी मौजूद थे। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि दिव्यांगजन भाई बहनों के विवाह कार्यक्रम में शामिल होने का मुझे अवसर मिला है। यह मेरे लिए सौभाग्य एवं बहुत खुशी की बात है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शारीरिक रूप से विकृत लोगों को पहले विकलांग के नाम से जाना जाता था, जिसे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मान-जनक नाम दिव्यांग दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न योजना संचालित कर हर संभव सहयोग का प्रयास कर रही है। उन्होंने आदर्श विवाह में सम्मिलित होने पहुंचे हुए नवदंपत्तियों के परिजनों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्थान के विकास में उल्लेखनीय योगदान करने वालों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्थान के संरक्षक सांसद विजय बघेल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अवगत कराया कि यह संस्था विगत 19 वर्ष से दिव्यांग आदर्श विवाह करते आ रही हैं। अब तक 1890 दिव्यांग जोड़े का विवाह संपन्न करायी जा चुकी है। आज यहां पर लगभग 250 से अधिक जोड़ों का विवाह कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह संस्था अब तक 1789 लावारिश लाशों को सद्गति प्रदान कर चुकी हैं। सांसद बघेल ने संस्था के कार्यों को विस्तारपूर्वक रेखांकित करते हुए संस्था से जुड़े सभी लोगों को साधुवाद दिया। कार्यक्रम में आस्था संस्थान के अध्यक्ष प्रकाश गेडाम और संयोजक प्रहलाद गुप्ता तथा विवाह आयोजन समिति के अध्यक्ष रामफल शर्मा और संयोजक सुरेन्द्र शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक तथा दिव्यांगजनों के परिजन एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। सामूहिक विवाह में युवतियों को संस्था द्वारा गृहस्थी का सामान थाली, चम्मच, गिलास, पानी टंकी, लोटा, कटोरी उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। साथ ही मंगलसूत्र, पायल, बिछिया, साड़ी उपहार के रूप में दिया गया।

# दुर्ग जिले में 5 महीने में 14 हत्या के मामले सामने आए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 जून।** भिलाई दुर्ग जिले में साल दर साल अपराध के ग्राफ में तेजी से इजाफा हो रहा है। इन अपराधों में ज्यादातर मामले पुरानी रंजिश और क्षणिक आवेश में आकर हत्या जैसे जघन्य अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में विगत पांच महीने में 14 हत्या के मामले सामने आए हैं।गौरतलब हो कि जिले में जितने तेजी से विकास हो रहा है। उतने ही तेजी से अपराध का ग्राफी भी बढ़ रहा है, लेकिन इन अपराधों में ज्यादातर ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जिसमें पुरानी रंजिश और क्षणिक आवेश में आकर लोग एक दूसरे के खून के प्यासे बन जा रहे हैं। हालांकि पुलिस इन मामलों को लेकर काफी गंभीरता बरतते हुए तत्काल मामला दर्ज कर आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा रहे हैं। वहीं पुलिस के आंकड़ों पर गौर करें तो जनवरी से लेकर मई माह में 14 हत्या की वारदात हो चुकी है। हालांकि पुलिस ने इन मामलों में गंभीरता बरतते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजी है। जिससे हत्या के आरोपी अभी सजा भुगत रहे हैं क्षणिक आवेश के चलते बढ़ रहे अपराध इस संबंध में जानकारों की मानें तो इन हत्याओं का मुख्य कारण क्षणिक आवेश हैं, क्योंकि इन दिनों छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद इतना बढ़ जा रहा है कि लोग उसके परिणाम को नजर अंदाज करते हुए हत्या जैसे कदम उठा ले रहे हैं, लेकिन जब इस तरह की घटना हो जाती है तब पछतावा होता है, लेकिन तब तक इतना देर हो जाती है कि सालों उनको सलाखों के पीछे गुजारना पड़ता है।

ईनाम की घोषणा के बाद भी गनियारी हत्याकांड बना हुआ है पहेली पुलगांव थाना के गनियारी गांव में 6 मार्च को दादी राजबती साहू और उसकी पोती सविता साहू की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई थी। पीड़ित परिवार का गांव में एक से अधिक घर है। जिस घर में वारदात हुई, वहां दादी और पोती रात में सो रही थी। 7 मार्च की सुबह दोनों की रक्तरंजित लाशें पड़ी मिली। इस मामले में आईजी दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग ने आरोपी का सुराग देने वाले को पहचान गुप्त रखते हुए 25 हजार रुपए नकद पुरस्कार देने की घोषणा कर रखी है। साथ एसीसीयू की टीम लगी हुई है। इसके बाद भी डबल मर्डर पहेली बनकर रह गया है

### पांच माह बाद भी मनीष हत्याकांड है अनसुलझा

जीआरपी थाना के जी केबिन से लगे पीपी यार्ड कालोनी के पीछे बने नसरी का है। बीते 7 जनवरी को नसरी के अंदर बने गटर में चरोदा बस स्टैंड के पास रहने वाले 22 वर्षिय युवक मनीष शर्मा की लाश मिली थी। यह मामला भी अब तक सुलझ नहीं पाया है। जिस जगह पर लाश मिली थी चरोदा बस स्टैंड से वहां तक पहुंचने के लिए भिलाई-3 के सिरसा चौक से अण्डरब्रिज या फिर चरोदा रेलवे इंस्टीट्यूट से रेलवे यार्ड होकर जी केबिन का रास्ता पहली पहल दिखता है। लेकिन सिरसा चौक पर लगा सीसीटीवी कैमरा बंद रहने तथा दूसरे रास्ते से गुजरने का कोई फुटेज नहीं मिल पाने से पुलिस को अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि मनीष शर्मा घटना स्थल तक कब कैसे और किससे साथ पहुंचा था। पुलिस हत्यारों तक पहुंचने में नाकाम साबित हो रही है।

## बोरे में मिली अज्ञात महिला की अब तक पहचान नहीं हो पाई

बीते 22 अप्रैल को नंदिनी थाना इलाके में सगनी - खुड़िया खार के पास एक विवाहिता की प्लास्टिक की लाश बोरी में मिली थी। 25 से 30 अनुमानित उम्र और माथे में सिंदूर सहित अन्य सुहाग चिह्न होने से मृतका के शादी शुदा होने का पता चलता है। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच में महिला की हत्या को कहीं और अंजाम देने के बाद लाश को वहां लाकर फेंक दिए जाने की संभावना जताई थी,लेकिन अभी तक मृतका महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जिससे हत्या का कारण और आरोपी की पहचान करने में अड़चन बनी हुई है

**पांच माह के हत्या के आंकडे जनवरी** - 02 फरवरी - 02 मार्च - 02 अप्रैल - 03 मई - 05

## डूबने से मौत

**भिलाई, 17 जून।** अंजोरा चौकी क्षेत्र अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए महमरा एनीकट गया नहाने के दौरान डूबने से उसकी मौत हो गई पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है अंजोरा चौकी पुलिस ने बताया कि आमापारा दुर्ग निवासी सुमीत कुमार मंडावी (22 वर्ष ) आज दोपहर को अपने 6 दोस्तों के साथ महमरा एनीकट नहाने गया था। इस दौरान सुमीत डूब गया आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

# मुठभेड़ में घायल जवान का हौसला बुलंद, कहा-ठीक होते ही और मारूंगा

**रायपुर, 17 जून।** नक्सलियों से मुठभेड़ में घायल एसटीएफ के जवान नक्सलियों से मुठभेड़ में घायल एसटीएफ के जवान श्री कैलाश नेताम ने आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से कहा कि ठीक होते ही और मारूंगा। अस्पताल के बिस्तर में लेटे घायल जवान की इस बुलंद आवाज ने कैप्टन विक्रम बत्रा की याद दिला दी, जिन्होंने कारगिल की लड़ाई लड़ते हुए कहा था 'ये दिल मांगे मोर'। दरअसल मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा नारायणपुर जिले में नक्सली मुठभेड़ में घायल जवानों से मिलने राजधानी रायपुर के रामकृष्ण केयर अस्पताल पहुंचे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने घायल जवानों से उनका



हालचाल जाना। मुख्यमंत्री श्री साय उनसे जब घटना की जानकारी ले रहे थे तब एसटीएफ के घायल जवान श्री कैलाश नेताम ने बताया कि ठीक होते ही और मारूंगा। यह सुनते ही मुख्यमंत्री गर्व से भर गए। उन्होंने कहा कि मां भारती के इन वीर जवानों से हमें हौसला मिलता है। घायल होकर भी यह जज्बा भारत के बलिदानी वीरों की परंपरा है, जिन्होंने कभी देश को झुकने नहीं दिया। एसटीएफ के एक अन्य घायल जवान श्री लेखराम नेताम के ऑपरेशन थियेटर में होने के कारण मुख्यमंत्री उनसे मुलाकात नहीं कर पाए, लेकिन डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही मुख्यमंत्री ने बीते दिनों बीजापुर में नक्सली हमले में घायल एक अन्य डीआरजी के जवान श्री लच्छु कढ़ती से भी मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने जवानों की हौसला अफजाई करते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने डॉक्टरों को बेहतर इलाज के लिए निर्देश भी दिए।इस मौके पर विधायक श्री मोतीलाल साहू और पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा मौजूद रहे।

## एक नजर

### भीषण गर्मी के कारण शाला प्रवेश उत्सव एक सप्ताह आगे बढ़ाने के निर्देश

**रायपुर, 17 जून।** छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने शाला प्रवेश उत्सव की तिथि को 18 जून से एक सप्ताह आगे बढ़ाने का फैसला लिया है। शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने इस तारतम्य में राज्य के सभी स्कूलों में 25 जून तक अवकाश रखने के निर्देश है। अब राज्य के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूल 25 जून तक बंद रहेंगे और 26 जून से खुलेंगे। 26 जून से ही शालाओं में प्रवेश के लिए उत्सवों का आयोजन होगा। छत्तीसगढ़ में गर्मी और हीट वेव के कारण ये फैसला लिया गया है। प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में गर्मी अपने पीक पर है। ज्यादातर लोग गर्म होते मौसम से परेशान हैं। लू और धूप से आम लोगों को दिक्कत हो रही है। बच्चों को गर्मी में होने वाली परेशानी को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। अभिभावकों में भी बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी हुई है। गौरतलब है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ाने के बड़ी संख्या में अभिभावकों का निवेदन आ रहे थे, जिसके चलते सरकार ने ग्रीष्मकालीन अवकाश को 26 जून तक बढ़ाने का फैसला लिया गया है।

### श्रम मंत्री 18 एवं 19 जून को विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे

**रायपुर, 17 जून।** श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन मंगलवार 18 जून को सुबह 11 बजे नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल कार्यालय में विभीय समीक्षा बैठक लेंगे। जिसमें सचिव छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल, प्रभारी अधिकारी, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल नवा रायपुर, कल्याण आयुक्त छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल एवं संचालक संचालनालय राज्य कर्मचारी बीमा सेवायें, नवा रायपुर को उपस्थित रहने निर्देशित किया है। श्रम मंत्री श्री देवांगन बुधवार 19 जून का सुबह 11 बजे श्रम विभाग के मैदानी अधिकारियों जिसमें सभी जिलों के सहायक श्रमायुक्त एवं श्रम पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। यह बैठक नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल कार्यालय सेक्टर-24 में आयोजित होगी।

### मुख्यमंत्री ने ईद-उल-अजहा की दी मुबारकबाद

**रायपुर, 16 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी है। उन्होंने कहा है कि यह पर्व ईश्वर के प्रति समर्पण, त्याग एवं बलिदान को प्रेरित करता है। इससे ईश्वर के प्रति आस्था और समाज में प्रेम, सहिष्णुता, भाईचारा एवं एकजुटता की भावना बढ़ती है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों से परस्पर सद्भाव, एकता व भाईचारे की गौरवशाली परंपरा के अनुसार पर्व मनाने की अपील की है।

### स्कूलों में अब 25 तक अवकाश

**रायपुर 17 जून।** भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश को 25 जून तक बढ़ा दिया है अब स्कूल 26 जून से खुलेंगे। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि गर्मी को देखते हुए अभिवावकों की ओर से बच्चों को लेकर चिंता जतायी जा रही थी। विभागीय तौर पर निर्देशित कर दिया गया है।

### तेजेश मुखर्जी ने भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव से की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर 17 जून।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में रायपुर ग्रामीण के सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता तेजेश मुखर्जी ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव से सौजन्य भेंट की और उन्हें केंद्र में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने की शुभकामनाएं व बधाई दी। छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार व प्रदेश भाजपा संगठन के कुशल नेतृत्व में मिली 10 सीट पर जीत के लिए भी उन्होने शुभकामनाएं दी।

### गायत्री जयंती गंगा दशहरा पर्व पर व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का समापन

**रायपुर 17 जून।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में एवं गायत्री परिवार जिला रायपुर के संयोजन में गायत्री प्रज्ञापीठ संतोषी नगर के आयोजन एवं ग्रामवासी कंदूल के सहयोग से 12 से 16 जून तक आयोजित पांच दिवसीय आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का समापन रविवार को गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती के दिन यज्ञ व पूर्णाहुति के साथ हुआ। शिविर का शुभारंभ रायपुर ग्रामीण के विधायक श्री मोतीलाल साहू के मुख्य आतिथ्य में क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधि व गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ था। विधायक श्री साहू ने कहा कि शिविर के माध्यम से गायत्री परिवार द्वारा श्रेष्ठ समाज एवं सुनहरे राष्ट्र के निर्माण हेतु नई पीढ़ी के बच्चों को सुसंस्कृत, सभ्य व शालीन, चरित्रवान, उर्जावान, ज्ञानवान, बनाया जा रहा है, जो अभिनंनदीय एवं वंदनीय है। गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा दिया गया नारा हम बदलेंगे-युग बदलेगा मूर्त रुप ले रहा है। शिविर में बुद्धि बढ़ाने की वैज्ञानिक विधि ,व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र ,स्वस्थ रहने के उपाय ,कर्म फल के सिद्धांत,, आदर्श दिनचर्या ,आदर्श समाज आदि विषयों पर गुण कर्म स्वभाव चरित्र चिंतन आदर्श युवा बनाने के लिए 5 दिन तक अनवरत प्रशिक्षण दिया गया। समापन कार्यक्रम के पूर्व व्यसन मुक्ति हेतु भव्य रैली का आयोजन किया गया। सुबह-सुबह प्रभात फेरी जागरण कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

# गढ़डोंगरी में महिलाओं के विकास में राजयोग की भूमिका पर की गई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 17 जून।** बेलरगांव- प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय बेलरगांव के तत्वाधान में ग्राम- गढडोंगरी (बेलरगांव) में 16 जून 2024 को महिला सशक्तिकरण (महिलाओं के सर्वांगीण विकास में राजयोग की भूमिका) के तहत ज्ञान चर्चा का आयोजन हुआ जिसमें 23 पंचायत से महिला समूहों की उपस्थिति रही, साथ ही बीके साधना बहन,बीके दीपिका बहन, बीके ईश्वर भाई, उपस्थित रहे ज्ञान चर्चा के दौरान बीके साधना बहन ने कहा कि स्वयं के उन्नति के लिए महिलाएं को आत्म निर्भर हो कर कार्य करने की जरूरत है,महिला सशक्तिकरण को शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार के अवसरों में वृद्धि आदि के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकारी योजनाएं भारत सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक हैं। सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों और विभागों



के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं। आज के वर्तमान समय में स्त्री को सृजन की शक्ति माना जाता है अर्थात स्त्री से ही मानव जाति का अस्तित्व माना गया है। इस सृजन की शक्ति को विकसित-परिष्कृति कर उसे सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक न्याय, विचार, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, अवसर की समानता का सु-अवसर प्रदान करना ही नारी सशक्तिकरण का आशय है। जो समय की मांग है हमे हर तरीके स्वस्थ रहने के साथ बिना रुके जीवन में आगे बड़ सके आज हमारे पास साधनों की कमी नहीं है कमी है तो बस मनोबल की और इस कमी को पूरा करने के लिए हमारे सामने सहज रास्ता है राजयोग का निरंतर अभ्यास जो हमे अपने मंजिल पर सहज पहुंचा सकता है बीके दीपिका बहन ने कहा की नारी आज हर क्षेत्र में आगे हो रही है ये बहुत ही बड़ी बात है जिन नारियों को कुछ दशक पूर्व प्रताड़ित करते थे आज वही नारियों ने अपने हौशले के द्वारा आगे बढ़ता जा रहा है। अंत में ब्रम्हाकुमारी बहनों ने कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को ब्रम्हाकुमारीज सेंटर वैभव मेडिकल के ऊपर बेलरगांव में आने का निमंत्रण दिया।

# अपराध पर रोक लगाने कोतवाली पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 17 जून।** 16 जून को पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली श्री एमन साहू द्वारा कोतवाली एवं रक्षित केन्द्र के बल के साथ मोटरसायकल से फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना कोतवाली परिसर से निकलते हुये लखोली, कन्हारपुरी, कंचनबाग, गौरीनगर, स्टेशनपारा, शांतिनगर, चिखली, तुलसीपुर का भ्रमण कर वापस थाना पहुंची। मोटरसायकल फ्लैग मार्च के दौरान संदिग्धों से पूछताछ की गई, अनावश्यक रूप से आउटर सुनसान एरिया में बैठे लोगों की पहचान की गई, शहर के बीच गली मोहल्लों में भ्रमण कर अपराधियों, गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश, तेज रफतार मोटरसायकल से घूमते आवारागर्दी करते लड़कों व असामाजिक तत्वों को रोक कर पूछताछ एवं तलाशी की गई और समझाईश दी गई। शहर में मोटरसायकल से फ्लैग मार्च करते पुलिस को देख कर आमजनों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी जिला मुख्यालयों में होंगे विशेष कार्यक्रम

**रायपुर, 17 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 के अवसर पर राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय योगाभ्यास करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े करेंगी। उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव कोरबा तथा उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा दुर्ग जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नामांकित किए गए हैं। बिलासपुर में केन्द्रीय संघ राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, कांकेर में मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल, कोरिया में मंत्री श्री रामविचार नेताम, महासमुद में मंत्री श्री दयालदास बघेल, नारायणपुर में मंत्री श्री केदार कश्यप, कबीरधाम में मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, बलौदाबाजार में मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल, जांजगीर-चांपा में मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी, धमतरी में मंत्री श्री टंकराम वर्मा, राजनांदगांव में सांसद श्री संतोष पाण्डेय, सरगुजा में सांसद श्री चिन्तामणी महाराज, जशपुर में सांसद श्री राधेश्याम राठिया, सुकमा में सांसद श्री महेश कश्यप, गरियाबंद में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, बेमेतरा में सांसद श्री विजय बघेल, बालोद में सांसद श्री भोजराज नाग, सक्ती में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, रायगढ़ में सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, बस्तर में विधायक श्री किरण देव, दंतेवाड़ा में विधायक श्री चैतराम अटामी, बीजापुर में विधायक श्री नीलकंठ टेकाम, कोण्डागांव में विधायक सुश्री लता उसेण्डी, मुंगेली में विधायक श्री पुन्नुलाल मोहले, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, सूरजपुर में विधायक श्री भूलन सिंह मराबी, बलरामपुर में विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में विधायक श्री प्रणव कुमार मरपची, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी में विधायक श्री विक्रम उसेण्डी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में विधायक श्री संपत अग्रवाल, खैरागढ़-छुईखदान में विधायक श्रीमती भावना बोहरा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगी।

# महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए मुश्किल वक्त का सहारा

**रायपुर, 17 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप महतारी वंदन योजना निम्न एवं मध्यम वर्ग के महिलाओं के लिए अनेक दृष्टि से लाभप्रद सिद्ध होकर मुश्किल वक्त का सहारा बन गई है। आज भी पुरुष प्रधान भारतीय समाज में महिलाओं को छोटी-बड़ी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पुरुषों पर ही निर्भर रहना पड़ता है। आज के दौर में भी कामकाजी महिलाओं के द्वारा अपने मेहनत से किए गए अनेक कार्यों का पैसा भी उनके पिता, पति, ससुर या उनके घर के मुखिया के पास जमा होता है। लेकिन राज्य सरकार के महतारी वंदन योजना की राशि प्रतिमाह संबंधित महिला के खाते में सीधे जमा होने से यह राशि राज्य के महिलाओं के लिए बहुत ही उपयोगी साबित हो रही है। पूरे प्रदेश की भाँति बालोद जिले में भी इस योजना का बेहतर प्रतिसाद देखने को मिल रहा है। राज्य सरकार की इस लोक कल्याणकारी योजना के माध्यम से प्रतिमाह एक हजार रूपये की राशि मिलने से



जिले के ग्राम झलमला के वार्ड नंबर 08 की निवासी डिलेश्वरी के लिए आर्थिक संबलता का आधार बन गया है। इस योजना के फलस्वरूप राशि मिलने से डिलेश्वरी अपने छोटे बच्चों के लिए नियमित रूप से पौष्टिक भोज्य पदार्थों की प्रबंध करने के अलावा जरूरत पड़ने पर ईलाज एवं साबुन, सोडा इत्यादि छोटी-मोटी जरूरतों को आसानी से पूरा कर पा रही हैं। अब उन्हें अपने दैनिक आवश्यकताओं के लिए लगने वाली चीजों की पूर्ति तथा ईलाज आदि आवश्यक कार्यों के लिए अब किसी के पास हाथ फैलाने की आवश्यकता नही पड़ रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना हमारे जैसे अनेक गरीब एवं मध्यम वर्ग के महिलाओं के लिए हर तरह से उपयोगी सिद्ध होकर मुश्किल वक्त का सहारा बन गई है। प्रत्येक माह इस योजना की राशि उनके खाते में जमा होने से अब उसे इन चीजों का प्रबंध करने में किसी प्रकार की कठिनाई नही हो रही है। इसके अलावा वे अपने दो छोटे बच्चे कुमारी पूर्वी एवं 02 वर्षीय बालक जतिन पटेल के लिए भी आसानी से पौष्टिक खाद्य पदार्थों का प्रबंध कर पा रही हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा एक सच्चे अभिभावक की भाँति राज्य की असंख्य महिलाओं की वास्तविक पीड़ा एवं जरूरतों को समझते हुए राज्य में जो महतारी वंदन योजना लागू की गई है ।

### नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# नवीन कानूनों की पुलिस कर्मियों को दी गई विस्तार से जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 17 जून।** एक जुलाई 2024 से देश में लागू होने जा रहा है तीन नए क्रिमिनल लॉ यानी इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएंगे. इन सभी धाराओं से संबंधित मामलों को लेकर दिनांक 05.06.2024 एवं 16.06.2024 को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव में किया गया।

पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जीपी श्री नारायण कनौजे,



सिनियर एडीपीओ श्री निखिल शुसमुकर, एफएसएल दुर्ग से आये शशांक द्विवेदी, आईरेड डिस्टिक मैनेजर श्री अरूण सोनी, राजनांदगांव सीसीटीएनएस से प्रधान आरक्षक हिरेन्द्र साहू, डीसीआरबी शाखा फिंगरप्रिंट से आर0 कमलजीत सिंह, सायबर सेल से सउनि. सुमन कर्ष, आर0 हेमंत साहू द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में पुलिस को सशक्त करने के लिये प्रक्रियाओं में लाये गये सुदृढ़ता को बताया गया जिसके तहत एफआईआर से लेकर ऑनलाईन शिकायत जांच, गिरफ्तारी अन्य प्रक्रियाओं को भी बताया गया। भारतीय संहिता में हुये मूल परिवर्तन को बताते हुये कहा की भारतीय न्याय संहिता सभी वर्गो के लिये न्याय सुनिश्चित करेगी जिसमें नवीन अपराध, झपटमारी, देशद्रोह, संगठित अपराध जैसे विभिन्न अपराधों को समावेश पर प्रकाश डाला और पहली बार किसी अपराध में सामुदायिक सेवाओं को न्याय में शामिल करने पर किया जाना बताया गया। भारतीय साक्ष्य अधिनियम में साक्ष्यों के रूप में इलेक्ट्रानिक दस्तावेज, इलेक्ट्रानिक उपकरण एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों पर अधिक बल देने हेतु न्याय की प्रक्रिया को प्रमुखता से सुनिश्चित करने वाला पहल बताये, तीनों नये कानून में पुलिस को सुदृढ़ करने के लिये उदाहरण के माध्यम से प्रक्रियाओं को पीपीटी के माध्यम से अनुसंधानकर्ताओं को नए आपराधिक कानूनों को धाराओं और सजा से अवगत कराया गया एवं उनको जागरूक कर उनकी क्षमता को विकसित कर प्रभावी कार्य करने के लिए समस्त अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।उपरोक्त कार्यक्रम में अतिरित पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) राजनांदगांव श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक, रक्षित निरीक्षक श्री लोकेश कुमार कसेर एवं थाना/चौकी प्रभारीगण सहित लगभग 150 अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### खाद्य मंत्री ने जेवरा में किया प्राथमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष का भूमिपूजन



**रायपुर, 17 जून।** खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने कल शनिवार को बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकास खंड के ग्राम जेवरा में 16 लाख 10 हजार की लागत से बनने वाले प्राथमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष भवन का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री विजय बघेल ने की। स्कूल जतन योजना के अंतर्गत यह राशि स्वीकृत की गई है। खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने 13 जून को 6 माह पूर्ण कर लिए हैं। प्रदेश सरकार अनुसूचित जातियों, जनजातियों सहित किसानों, मजदूरों समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। खाद्य मंत्री ने आगे कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 9 जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लिए हैं। छत्तीसगढ़ में अब डबल इंजन की सरकार हैं। इससे देश एवं प्रदेश का सर्वांगीण विकास होगा। ग्राम जेवरा स्कूल के प्राथमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष निर्माण होने से भविष्य में बच्चों को पढ़ाई करने में सुविधा होगी। इस अवसर पर टार्जन साहू, अंजू बघेल, परस वर्मा, मनीष जायसवाल, लालन यादव सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### डिजिटल क्रॉप सर्वे की जानकारी एग्री स्टैक पोर्टल में होगी दर्ज




**रायपुर, 17 जून।** छत्तीसगढ़ में फसल आच्छादन का अब डिजिटल सर्वे होगा। सर्वे में किसानों की फसलों की सभी जानकारियां एग्री स्टैक पोर्टल में दर्ज होंगी। किसानों को फसल उत्पादकता के लिए जरूरी इनपुट जैसे फसल ऋण, विशेषज्ञो की सलाह से लेकर बाजार उपलब्ध कराने में भारत सरकार का एग्री स्टैक पोर्टल से मदद मिलेगी। कृषि विभाग दिल्ली से आये अधिकारियों ने नया रायपुर इंद्रावती भवन में राजस्व विभाग के मास्टर ट्रेनरों को डिजिटल क्रॉप सर्वे 2024 प्रशिक्षण देते हुए बताया कि जिओ रेफ्रेंसिंग तकनीक के माध्यम से इस वर्ष से डिजिटल क्रॉप सर्वे किया जाना है। डिजिटल सर्वे की जानकारी एग्री स्टैक पोर्टल में ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी। एग्री स्टैक पोर्टल में किसानों का पंजीयन होने के बाद उन्हें एक फार्मर आईडी दी जाएगी। इस पोर्टल में किसानों द्वारा लगाई गई फसल के साथ-साथ उन्हें आवश्यक खाद और पानी की मात्रा की भी जानकारी मिलेगी। इस पोर्टल के माध्यम से राज्य के किसानों को अब न केवल जमीन अपितु जमीन में लगाये फसल और उत्पादन के लिए आवश्यक बाज़ार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। संचालक भू-अभिलेख श्री रमेश शर्मा ने प्रशिक्षण में कहा कि इस पोर्टल के जरिए किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इस पोर्टल का उद्देश्य कृषि उत्पादकों (किसानों) और नीति निर्माताओं-केंद्र सरकार और राज्य सरकार को एक डिजिटल छतरी के नीचे लाना है। अपर आयुक्त भू-अभिलेख डॉ. संतोष देवांगन ने बताया कि इस प्रशिक्षण से राज्य के किसानों को लाभ मिलेगा। एग्री स्टेक में किसान का पंजीयन हो जाने से उन्हें जरूरत का खाद और बीज मिल सकेगा। इसके साथ ही किसानों को आवश्यकतानुसार बैंक ऋण लेने की भी सुविधा मिलेगी। प्रशिक्षण में सभी जिलों के भू-अभिलेख अधिकारी और भू-अभिलेख अधीक्षक शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर 19 जून को होगा आदिवासी क्षेत्रों में सिकलसेल जागरूकता शिविरों का आयोजन

**रायपुर 17 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर विश्व सिकल सेल के दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के सिलकलसेल रोग से पीड़ित राज्य के आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, ग्राम पंचायतों तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों, विभागीय छात्रावास, आश्रमों तथा अन्य विद्यालयों में सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविरों के आयोजन की भी तैयारियां की जा रही है। भारत सरकार की ओर से अधिकारीगण 19 जून को विश्व सिकलसेल दिवस पर देश के विभिन्न राज्यों में सिलकलसेल के प्रति जागरूकता और इस रोग से पीड़ित मरीजों से वर्चुअल चर्चा करेंगे। आदिम जाति विकास विभाग के आयुक्त ने बताया कि भारत सरकार की ओर से विश्व सिकलसेल दिवस 19 जून को देश के विभिन्न राज्यों में सिलकलसेल के प्रति जागरूकता और इस रोग से पीड़ित मरीजों से वर्चुअल चर्चा करेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य के आदिवासी समुदाय के लोग सिकलसेल एनीमिया से ज्यादातर पीड़ित हैं। इन पीड़ित मरीजों के लिए आदिवासी क्षेत्रों बस्तर, बलरामपुर-रामानुजगंज एवं रायपुर में टू-वे-कनेक्टिविटी की व्यवस्था करने तथा शेष जिलों में वन-वे-नेटवर्क कनेक्टिविटी से वर्चुअल रूप से 19 जून को ही जुड़े रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सभी कलेक्टरों, सहायक आयुक्तों एवं परियोजना प्रशासकों को पत्र जारी कर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेश में सिकलसेल के लिए राष्ट्रीय स्तर का रिसर्च सेंटर प्रारंभ करने के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए है। पोस्टर, बैनर एवं वीडियों आदि के माध्यम से इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए है। इन शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधि को उपस्थित होने आग्रह किया जाएगा। सिकलसेल एक आनुवांशिक रोग है। इसमें गोलाकार लाल रक्त कण हंसिये के रूप में परिवर्तित होकर नुकीले और कड़े हो जाते हैं जिसके कारण शरीर की सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त मात्रा मे ऑक्सीजन पंहुचने का काम बाधित होता है।

संपादकीय


# देश की राजनीति बदलने की कोशिश तो हुई

देश की राजनीति बदलने के लिए सशक्त नेता की जरूरत होती है। जब भी किसी देश में कोई सशकत नेता पैदा होता है तो वह देश की कई दशकों से चली आ रही राजनीति को बदल देता है और देश में एक नई राजनीति शुरू होती है। पं. नेहरू व इंदिरा गांधी के बाद नरेंद्र मोदी ही ऐसे नेता है जिन्होंने अपने दम पर देश की राजनीति बदल दी या देश में राजनीति के एक नए युग की शुरुआत की। 2014 व 2019 का लोकसभा चुनाव जीतने के बाद माना जा रहा था कि देश में मोदी युग की शुरुआत हो चुकी है। यह दौर मोदी का है। इस दौर में वही होगा जो मोदी चाहेंगे। वह भी खासकर देश की राजनीति में। यह हुआ भी है। लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी ने तीसरी बार सरकार बनाने का फैसला किया। सरकार बनी है। इसी के साथ मोदी देश के पहले ऐसे गैर कांग्रेसी नेता हो गए हैं जो तीन बार देश का पीऐम बनने में सफल रहे हैं।यह काम अबतक देश में इंदिरा गांधी भी नहीं कर सकी थी। पं. नेहरू ही ऐसे नेता थे जो तीन बार लगातार पीएम बनने में सफल रहे है। विश्व स्तर पर भी ऐसे नेता बहुत ही कम होंगे जो लगातार तीन बार अपनी सरकार बनाने में सफल हुए हैं ज्यादातर नेता एक बार के बाद बहुत हुआ तो दूसरी बार सरकार बना लेते हैं, पीएम बन जाते हैं लेकिन तीसरी बार ज्यादातर नेता चुनाव हार जाते हैं। पीएम मोदी को भी हराने की कोशिश हुई, देश की राजनीति को बदलने की कोशिश के साथ ही इसके लिए झूठ, अफवाह का सहारा लिया गया। विपक्ष एकजुट नहीं थी इसलिए यह कोशिश राष्ट्रीय स्तर पर तो नहीं हुई लेकिन दो राज्यों में यह कोशिश अच्छे से की गई। दोनों राज्यों में इससे भाजपा को अप्रत्याशित नुकसान हुआ। वह जहां फायदे की सोच रही थी, वहीं ज्यादा नुकसान हो गया। इसी वजह से भाजपा को तीसरी बार बहुमत नहीं मिल सका। बहुतम में 32 सीटें कम हो गई। अगर भाजपा यूपी में भी नुकसान को समय पर समझ कर भरपाई कर लेती तो उसे आसानी से बहुमत मिल सकता था। यूपी व पं. बंगाल में भाजपा विपक्ष के झूठ व अफवाह को वैसा जवाब नहीं दे पाई जैसा जवाब उसे समय पर देना था। यूपी में राहुल गांधी व अखिलेश यादव ने भाजपा को हराने के लिए जाति का अच्छा समीकरण बिठाया और साथ ही झूठ व अफवाह को निचले स्तर तक पहुंचाने में सफल रहे कि भाजपा सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी, आरक्षण खत्म कर देगी, देश में चुनाव नहीं होंगे। इनमें दलित वर्ग में सबसे ज्यादा असर आरक्षण खत्म कर देने का हुआ। जाति के कारण राहल गांधी व अखिलेश को वोट तो मिले ही, मुसलमानों के वोट एकमुश्त मिले. साथ ही अफवाह के कारण जो दलित वोट भाजपा या बसपा को मिलते थे वह इस बार कांग्रेस व सपा को मिले। यही वजह है कि सपा को यूपी में बड़ी सफलता मिली। यहां भाजपा की सीटें आधी हो गईं। मोदी व शाह जानते थे कि भाजपा को कुछ राज्यों में नुकसान होगा, इसकी भरपाई के लिए उन्होंने पूरी तैयारी कर रखी थी, इसी तैयारी की वजह से भाजपा की सरकार नहीं बनी तो एनडीए की सरकार बनी। जिन 30-35 सीटों का नुकसान भाजपा को यूपी में हुआ, उसकी भरपाई इसने दूसरे राज्यों से कर ली। राहुल गांधी, अखिलेश व ममता ने मोदी को हराने की पूरी तैयारी कर ली थी, वह सफल भी रहे लेकिन दूसरे दल ऐसी तैयारी नहीं कर सके इसलिए तीसरी बार भाजपा को सरकार बनाने से विपक्ष रोक नहीं सका। जहां तक सवाल झूठ व अफाह की राजनीति का है तो वह काठ की हांडी की तरह होता है, एक बार सफलता मिलती है, इसके बाद जनता समझ जाती है और उसी झूठ व अफवाह की राजनीति दोबारा नहीं चलती है। अब अगर राहुल गांधी व अखिलेश दूसरी बार जनता से कहेंगे कि भाजपा आरक्षण समाप्त करने वाली है तो कोई यकीन नहीं करेगा। क्योंकि जनता पांच साल देखेगी कि राहुल गांधी व अखिलेश ने जैसा कहा था वैसा तो हुआ नहीं। भाजपा ने तो आरक्षण समाप्त नहीं किया। लोकसभा में तो अखिलेश व राहुल गांधी को गठबंधन का फायदा हुआ है क्योंकि यहां दोनों मोदी से लड़ रहे थे। लेकिन राज्य में जब सत्ता हासिल करने की बात आएगा तो कांग्रेस भी उसकी दावेदार होगी। यानी अखिलेश यादव पर है कि वह गटबंधन को जारी रखते या नहीं। वह कांग्रेस के साथ मिलकर यूपी में सरकार बनाना चाहते या नहीं। उनके पिता तो कांग्रेस के साथ गठबंधन के विरोधी थे क्योंकि दोनों का वोट बैंक एक जैसा ही है। यानी कोई एक दूसरे को नुकसान पहुंचाएगा ही।

राजनीति

# इंडिया गठबंधन की कमजोर कड़ियाँ

तनवीर जाफरी



भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिये गये 'अबकी बार चार सौ पार ' के नारे के बावजूद एन डी ए गठबंधन को सरकार बनाने के लिये नाकों चने चबाने पड़े हैं। हालांकि कांग्रेस नेता भाजपा को 150 सीटों तक सिमट जाने का दावा कर रहे थे परन्तु किसी तरह भाजपा अपने दम पर 240 सीटें हासिल करने में कामयाब रही। यानी उसे 2019 में प्राप्त 303 सीटों के मुक़ाबले 63 सीटों का नुक़सान हुआ। जबकि कांग्रेस ने 99 सीटों पर जीत दर्ज कर 2019 के मुक़ाबले 47 सीटों का इजाफा किया। हालांकि चुनाव बाद 2 और स्वतंत्र सांसदों के कांग्रेस से जुड़ने के बाद अब कांग्रेस सांसदों की संख्या 101 हो चुकी है। कांग्रेस सूत्रों का दावा है कि शीघ्र ही यह संख्या 109 तक पहुँच जाएगी। परन्तु सवाल यह है अति सीमित संसाधनों,सत्ता के प्रबल विरोध, मीडिया व सरकारी संस्थाओं के दुरूपयोग के बावजूद जिस तरह देश में इण्डिया गठबंधन के पक्ष में जनता की लहर दिखाई दे रही थी उसके बावजूद आखिर किन कारणों से इण्डिया गठबंधन सत्ता से दूर रह गया ? जबकि पूरे देश की लगभग सभी सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस पार्टी ने पहली बार 2024 के चुनाव में सबसे कम अर्थात केवल 327 सीटों पर चुनाव लड़ा। कांग्रेस ने शेष सीटें इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के लिये छोड़ीं तथा उनके अधिकांश उम्मीदवारों को विजयी बनाने हेतु कांग्रेस नेताओं ने पूरी मेहनत भी की। परन्तु इन सबके बावजूद इण्डिया गठबंधन कहीं अपने सहयोगी दलों के नेताओं के अड़ियल रवैय्ये तो कहीं कुछ नेताओं को कम आंकने तो कहीं अंतविरोध के चलते अपेक्षित सीटें नहीं हासिल कर सका।

उदाहरण के तौर पर बंगाल में बावजूद इसके कि तृणमूल कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा परन्तु यदि कांग्रेस ,तृणमूल कांग्रेस व वामपंथी दलों में पारदर्शी एकता हो जाती तो भाजपा ने 2019 में प्राप्त 18 सीटों के मुक़ाबले इसबार जो 12 सीटें जीती है वह अंत और भी कम हो सकता था और भाजपा के लिये दो अंकों का आंकड़ा छू पाना भी मुश्किल हो सकता था। दिल्ली और पंजाब को लेकर कुछ ऐसी ही उहापोह की स्थिति कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के बीच रही ।उधर बिहार में पूर्णिया सीट को लेकर जिसतरह राष्ट्रीय जनता दाल द्वारा तंग नजरी का प्रदर्शन किया गया वह भी इण्डिया गठबंधन के सामाजिक न्याय व साम्प्रदायिकता हटाओ अभियान के नारे के विपरीत था। यहाँ पप्पू यादव की लोकप्रियता जगजाहिर थी। इस क्षेत्र में उनके द्वारा किये गये कार्यों को जनता सराह रही थी। इसके बावजूद उनकी लोकप्रियता से घबराकर और निश्चित रूप से अपने परिवार के राजनैतिक भविष्य की राह में रोड़ा समझ कर पप्पू यादव को आर जे डी द्वारा केवल जिद में इण्डिया गठबंधन का उम्मीदवार नहीं बनाया गया। आखिरकार पप्पू यादव स्वतंत्र उम्मीदवार होने के बावजूद 5,67556 वोट हासिल कर अपनी विजय पताका फहराने में सफल रहे जबकि जबकि आर जे डी प्रत्याशी बीमा भारती ने महज 27,120 वोट हासिल कर इस बात की तस्दीक़ कर दी कि उनको प्रत्याशी बनाने का लालू परिवार का निर्णय पूरी तरह से ग़लत था। यहाँ बी एस पी ने भी भाजपा की सहायतार्थ अपना उम्मीदवार उतारा था जिसे केवल 10619 वोट ही मिले थे। अब यह पप्पू यादव की महानता है कि वे स्वतंत्र रुप से विजयी होने के बाद भी कांग्रेस से मिलकर इण्डिया गठबंधन के साथ खड़े हुये हैं। ऐसा ही संकीर्ण फैसला 2019 के चुनाव में भी आर जे डी कर चुकी है जब उसने बेगूसराय से कन्हैया कुमार के विरुद्ध अपना उम्मीदवार खड़ा किया था परिणामस्वरूप कन्हैया व आर जे डी प्रत्याशी दोनों ही हार गये थे और की पार्टी आजाद समाज पार्टी को अपने साथ जोड़ने का सुनहरा अवसर था। चंद्रशेखर स्वयं चाहते भी थे। परन्तु यहाँ भी इण्डिया गठबंधन नेतृत्व ने संकीणर्ता दिखाई और नगीना संसदीय क्षेत्र से उनके विरुद्ध बहुजन समाज पार्टी ने तो अपना प्रत्याशी उतारा ही परन्तु समाजवादी पार्टी ने भी अपना उम्मीदवार खड़ा कर दिया। परन्तु पूणिर्या की ही तरह यहाँ की जनता ने भी अपने मतों से यह साबित कर दिया कि समाजवादी पार्टी का निर्णय ग़लत था। क्योंकि समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार मनोज कुमार को मात्र 1,02,374 वोट मिले जबकि विजयी चंद्रशेखर ने 5,12,552 प्राप्त किये।

मायावती की 'इंडिया गठबंधन' में शामिल न होने की




भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह चुनाव जीत गए थे। उत्तर प्रदेश में बीजेपी को इस चुनाव में तगड़ा झटका लगा है। यहाँ भाजपा को 33 सीटें हासिल हुई हैं जबकि समाजवादी पार्टी ने 37 सीटें जीतीं। इस तरह एन डी ए को कुल 36 सीटें मिलीं जबकि इण्डिया गठबंधन 43 सीटें जीतने में सफल रहा। यहाँ भी मायावती ने अपना स्टैंड काफी पहले से स्पष्ट कर दिया था कि वे इण्डिया गठबंधन में शामिल नहीं होंगी। वे यह भी जानती थीं कि उनका एक भी उम्मीदवार विजयी नहीं होगा परन्तु वे इण्डिया गठबंधन को नुक़्सान पहुंचाकर भाजपा के लिये अप्रत्यक्ष रूप से फायदेमंद जरूर साबित हो सकती हैं। वैसे भी मायावती अब अपने राजनैतिक अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही हैं। लिहाजा अपनी इस अंतिम राजनैतिक पारी के दौरान वे ई डी व सी बी आई के जाँच के दायरे में आने से बची रहें, मात्र यही उनकी सफलता है। इसी लिये उन्होंने भाजपा के हक़ में जबरदस्त चुनावी पारी खेली और प्रदेश की लगभग सभी 80 सीटों पर बहुजन समाज पार्टी ने अपने उम्मीदवार उतारे। मक़सद साफ था, इण्डिया गठबंधन को नुक़्सान पहुँचाना जोकि अनेक सीटों पर हुआ भी। इस स्थिति से निपटने के लिये इण्डिया गठबंधन को चंद्रशेखर आजाद 'व्यक्तिगत मजबूरी' के बाद गठबंधन के नेताओं को पूरी ईमानदारी व उदारता के साथ चंद्रशेखर को अपने साथ जोड़ना चाहिये था। इंडिया गठबंधन के लिये कितना अच्छा होता यदि आज चंद्रशेखर उर्फ रावण विपक्षी गठबंधन के सांसद होते। यहाँ यह कहना भी ग़लत नहीं होगा कि जितना नुक़्सान मायावती ने इंडिया गठबंधन को पहुँचाया यदि चंद्रशेखर भी सभी 80 सीटों पर अपना उम्मीदवार उतार देते तो आज उत्तर प्रदेश के परिणामों पर जश्न मनाने वाले सपा नेताओं के चेहरे लटके हुये होते। परन्तु नई पार्टी और नया नेता होने के नाते उन्हें कम करके आँका गया। आखिरकार उनकी जीत ने यह साबित कर दिया कि भविष्य में उनसे जो भी दल बात करे वह उनकी राजनैतिक हैसियत व जनाधार को नजरअंदाज हरगिज न करे। भविष्य में भी यदि इंडिया गठबंधन को एकजुट रहना है तो उसे स्वार्थी राजनीति से ऊपर उठकर देश,संविधान की रक्षा,साम्प्रदायिक सौहार्द की खातिर कांग्रेस की तरह सीटों के बंटवारे को लेकर क़ुर्बानियां देनी पड़ेंगी। 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की इसतरह की जो और भी कमजोर कड़ियाँ रहीं उनपर भी पूरी ईमानदारी से व स्वार्थ से ऊपर उठकर चिंतन करना पड़ेगा।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया बिजनेस शुरू करने के लिए उत्सुक रहेंगे। आज आपके पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, दिन शानदार रहेगा। मार्केटिंग कर रहे लोगों को अच्छा लाभ होगा। आज आपका रुका हुआ प्रोजेक्ट पूरा हो सकता है। आज आपके विवाहित जीवन में आपसी तालमेल अच्छा बना रहेगा।

वृष राशिः आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में उत्साह का माहौल बना रहेगा। इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स की पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी। ड्राईफ्रूट्स का कारोबार कर रहे लोगों की इनकम में वृद्धि होगी, दिन लाभदायक रहने वाला है। शिक्षकों का ट्रान्सफर उनकी मनपसंद जगह पर होने के आसार हैं। लवमेट एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करेंगे। स्वास्थ्य सम्बंधित समस्या से आपको आराम मिलेगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति में बेहतर सुधार आयेगा।

मिथुन राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। कॉस्मेटिक, कारोबारियों के प्रोडक्ट की आज अच्छी सेल होगी। आज आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने जायेंगे। आज बड़ों की सलाह कार्य क्षेत्र में आपका मार्ग दर्शन करेगी। आज आपको तला-भुना हुआ खाने से बचना चाहिए। फिजूल खर्चों पर रोंक लगाने की अवश्यकता है। राजनीति से जुड़े लोगों को आज किसी समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। जहां लोग आपसे जुड़ने की कोशिश करेंगे। दोस्तों के साथ घूमने का प्लान भी बन सकता है।

कर्क राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आप किसी बड़े प्रोडक्ट की फ्रेंचाइजी लेने का मन बना सकते हैं। आज कला के क्षेत्र में आपकी रूचि बढ़ेगी। आप कुछ क्रिएटिव करने की कोशिश करेंगे। आज दिल की बजाए दिमाग से कोई भी निर्णय लें तो बेहतर होगा। खुद को प्रफुल्लित रखने के लिए कुछ समय रचनात्मक गतिविधियों में भी जरूर लगाए। आज प्रॉपर्टी डीलर्स का कारोबार अच्छा चलेगा। आज शिक्षकों की कोई जरुरी मीटिंग हो सकती है।

सिंह राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका काम में मन लगा रहेगा, दिन आपके फेवर में रहेगा। आज आपको दामपत्य जीवन में कोई खुशखबरी मिलेगी। आज कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। छात्रों के लिए समय अनुकूल है सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। आज किसी अनजान पर भरोसा करने से पहले उसके बारे में अच्छे से जानकारी कर लें। लवमेट के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज अलग-अलग स्त्रोतों से आपको धन लाभ होने वाला है।

कन्या राशिः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज किसी दोस्त की मदद से आपको अच्छी जॉब मिलेगी, इससे आपकी दोस्ती और मजबूत बनेगी। ग्रोसरी का कारोबार कर रहे लोगों को अच्छा लाभ होगा। आज विद्यार्थी अपने प्रैक्टिकल को किसी सहयोगी की मदद से पूरा कर लेंगे। आज आप दूसरों की हर संभव मदद करेंगे, आपका दिन खुशनुमा बनेगा। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। नवविवाहित आज कहीं घूमने जायेंगे, जिससे रिश्ते में और मजबूती आएगी।

तुला राशिः आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। घर परिवार का माहौल शांतिपूर्ण रहेगा। ज्वेलरी का कारोबार कर रहे लोगों की अच्छी इनकम होगी। आज किसी कार्य को करने में परिवार वालों का हर संभव मदद मिलेगी। आज लवमेट के साथ घूमने का मौका मिलेगा। आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा, काम में भी पूरा मन लगेगा। ऑफिस का कोई रुका हुआ कार्य आज किसी सहकर्मी की मदद से पूरा हो जायेगा।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप घर की जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से समझने में सफल होंगे। इलेक्ट्रीशियन का काम कर रहे लोगों को आज रोज की अपेक्षा ज्यदा इनकम होगी। ऑफिस में अपने काम पर ध्यान दें, आज वर्क लोड ज्यादा हो सकता है। आज परिवार में किसी रिश्तेदार के आने से घर का माहौल खुशनुमा बन जाएगा। परिवार के साथ किसी धर्मस्थल पर दर्शन करने जायेंगे। बच्चे आज खेल कूद में व्यस्त रहेंगे। आज आप घर के जरुरत का सामान खरीदने मार्केट जायेंगे।

धनु राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज ऑफिस में सीनियर्स आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। नवविवाहित दंपत्ति को अपने बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा, आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। शिक्षक आज विद्यार्थियों को किसी टॉपिक को अच्छे से समझाने में सफल रहेंगे। आज आप दूसरों से अपने काम निकलवाने में सक्षम रहेंगे। आज आप खुद को फिट महसूस करेंगे। आज राजनीति से जुड़े लोगों को सम्मानित किया जायेगा। जिससे समाज में आपका मान-सम्मान बढेगा।

मकर राशिः आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढाने की नयी योजना बनायेंगे। व्यक्तिगत कामों के साथ-साथ घरेलू जिम्मेदारियां भी बढ़ेगी । आज आप किसी जरुरतमंद की मदद करेंगे। माताएं अपने बच्चों को खुश करने के लिए उनकी मनपसंद डिश बना सकती हैं। मोबाइल एक्सेसरीज का कारोबार कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी समाजिक समारोह में भाग लेने का मौका मिलेगा।

कुंभ राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। इस राशि के कंप्यूटर इंजीनीयर्स का दिन बढ़िया रहेगा, किसी नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर सकते हैं। ड्डश्वश्वस्त्र ड्डह्वद्म यानि लकड़ी का कारोबार कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा। लोन के लिए किया आवेदन आज स्वीकृत हो जायेगा। सरकारी विभाग से जुड़े लोगों का ट्रान्सफर उनकी मनपसंद जगह पर होगा। आज आप डांस सीखने का मन बना सकते हैं। आज नौकरी में पदोन्नति होने के भी योग बने हुये है। कुल मिलाकर आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। परिवार के साथ किसी ट्रिप पर जा सकते हैं, ये ट्रिप आपके लिए मनोरंजन से भरपूर रहने वाली है। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। अगर आप वाहन खरीदना चाहते हैं, उनके लिए दिन बेहतरीन रहेगा। आज आप सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताएंगे। आज आपको कोई अच्छी जॉब मिल सकती है, ये जॉब आपको बेहद पसंद आयेगी। आज आपकी सकारात्मक सोच आपके कार्यों में सफलता दिलायेगी।

व्यंग्य

# आडंबरी क्लब की गौरवगाथा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

आडंबरी क्लब ने आडंबर के जितने भी वर्ष पूरे किए हों, लेकिन लगता है 420 वर्षों का सफर पूरा कर लिया, मानो शोहरत की सोने की चिड़िया को पिंजरे में बंद कर दिया हो। इस क्लब की अध्यक्ष, टुनटुना देवी, किसी ताजमहल की तरह अपनी जगह पर अमर हैं। अध्यक्ष पद पर उनके अद्वितीय कब्जे की बात करें तो, यह कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती है कि ह्यअध्यक्ष तो नहीं रहे, पर उनके विचार अभी भी जीवित हैंह्न - बस टुनटुना देवी के लिए थोड़ा बदलकर कह सकते हैं, 'वो तो रहेंगी ही, पर गुजर जाने के बाद उनकी आत्मा भी यहीं पर अध्यक्षता करेगी।' टुनटुना देवी का यह अटल इरादा कि गुजरने के बाद ही पद छोड़ेंगी, सच में अध्यक्ष पद की महत्ता को उनके लिए एक जन्मजात अधिकार बना देता है। और जब बात आती है उत्तराधिकारी की, तो उनकी बहू को इस पद के लिए तैयार करना ऐसा लगता है जैसे कोई महान रानी अपने राज्य का ताज अपनी पुत्री को सौंपने की तैयारियाँ कर रही हो। यह ताजपोशी का नाटक हमें मुगलों के जमाने की याद दिलाता है। आडंबरी क्लब का असली मकसद साहित्य की सेवा नहीं, बल्कि असाहित्य की सेवा है। यहाँ असाहित्यकार वही माना जाता है, जो अध्यक्ष की चाटुकारिता में डूबा हो। एक सच्चे साहित्यकार का कद यहाँ दो कौड़ी का भी नहीं है। यह अद्भुत परंपरा मानो मुहावरे की तरह प्रचलित है कि ह्नजो अध्यक्ष की न चाट सके, वह साहित्यकार नहीं। क्लब के कार्यक्रमों में आमंत्रित किए जाने वाले विशेष अतिथि, 'आन' की जगह 'कान' को बुलाने का रिवाज मानो कहावत को नया अर्थ दे देता है। कान बुलाए जाते हैं ताकि वे अध्यक्ष की वाहवाही सुन सकें, और बान की बातें सिर्फ इसलिए की जाती हैं कि बाकी सबको लगा रहे कि कुछ बड़ा हो रहा है। जैसे हिंदी कार्यक्रम के लिए तेलुगु वाले को बुलाकर अंग्रेजी का मजा ले सके। इस कार्यक्रम में 'साहित्यिक कसरत' का मतलब अध्यक्ष की तारीफ में 'लंबी-चौड़ी फेंकने वाली किताबें' लिखना है। यहाँ पर साहित्य इतिहास के नाम पर 'स्व' और 'परिजन इतिहास' लिखने का नाटक ऐसे किया जाता है जैसे बच्चों के खेल में नकली चाय पार्टी। जो भी अध्यक्ष के निकट है, वह साहित्य के शिखर पर है। चाहे वह व्यक्ति हो या उसकी परछाई, उसकी आत्मकथा हर पुरस्कार के लिए मान्य है। अध्यक्ष का जन्मदिन एक ऐसा पर्व है, जिसमें सत्य की नहीं, महिमा की जय-जयकार होती है। इस अवसर पर ऐसी ह्यजन्मगाथाह्न लिखी जाती है, जो अध्यक्ष को महापुरुषों की पंक्ति में खड़ा कर देती है। ऐसी किताबें, जिनका पहला पृष्ठ अध्यक्ष की महिमा में और आखिरी पृष्ठ उनकी तारीफ में लिखा जाता है, मानो साहित्य का नया मील का पत्थर हों। आडंबरी क्लब के सदस्यों का यह विश्वास कि अध्यक्ष की चाटुकारिता ही असली साहित्य है, हमें एक नए साहित्यिक युग की शुरुआत की ओर ले जाता है। यहाँ पर लेखकों की किताबें 'बेस्टसेलर' नहीं, बल्कि 'बेस्ट चाटुकार' होती हैं। यह क्लब हमें बताता है कि सच्चा साहित्य वही है जो अध्यक्ष की मर्जी से लिखा जाए। क्लब की अध्यक्षता एक महान पदवी है, जिसे टुनटुना देवी अपने जीवन की अमरता के साथ जोड़कर रखती हैं। उनकी बहू को इस पद के लिए तैयार करना एक नई रीत का प्रारंभ है, जिसमें परिवार का हर सदस्य अध्यक्ष बनने की काबिलियत रखता है। यह क्लब हमें दिखाता है कि साहित्य की असली सेवा क्या होती है और कैसे साहित्यकारों को दो कौड़ी का मानकर उन्हें असाहित्यकार बनाया जाता है। साहित्य के नाम पर हो रहे इस नाटक में, 'स्व' और 'परिजन' के इतिहास लिखने का अद्भुत खेल चलता है। इस खेल में जो भी अध्यक्ष की तारीफ में कुछ लिख सके, वही असली खिलाड़ी है। बाकी सब दो कौड़ी के बौने हैं, जिन्हें सिर्फ दर्शक दीर्घा में बैठने का मौका मिलता है। आडंबरी क्लब की 420 वर्षों की इस यात्रा में हमने देखा कि कैसे साहित्य को चाटुकारिता के जाल में फंसाकर उसे असाहित्य बना दिया जाता है। टुनटुना देवी की अध्यक्षता में इस क्लब ने हमें यह सिखाया कि सच्चा साहित्य वही है, जो अध्यक्ष की महिमा में लिखा जाए। इस अद्भुत यात्रा का अंत भी उतना ही शानदार होगा, जब टुनटुना देवी अपनी बहू को अध्यक्ष पद सौंपेंगी और खुद किसी अमरकथा का हिस्सा बन जाएंगी। इस व्यंग्यात्मक सफर में हमें यह समझ आता है कि साहित्य और असाहित्य की सीमाएँ कितनी धुंधली हो सकती हैं, जब अध्यक्ष की चाटुकारिता को ही साहित्य की सेवा माना जाए। आडंबरी क्लब की यह गौरवगाथा हमें याद दिलाती है कि साहित्य की असली सेवा क्या होती है और कैसे एक अद्वितीय अध्यक्ष की महिमा में लिखी गई किताबें इतिहास बन जाती हैं।



## रोजाना प्रोटीन सप्लीमेंट लेना शरीर के लिए होता है नुकसानदायक

कई लोग अपना वजन बढ़ाने और सेहत बनाने के लिए प्रोटीन के सप्लीमेंट लेते हैं। हालांकि, रोजाना इन सप्लीमेंट्स को डाइट में शामिल करने से शरीर को नुकसान पहुंच सकता है।इसके सेवन से आपको गैस, पेट में सूजन और दर्द जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इसका कारण है कि इन सप्लीमेंट्स में हानिकारक रासायनिक पदार्थ शामिल होते हैं।साथ ही इनका नियमित सेवन डिहाइड्रेशन का भी कारण बन सकता है।आइए प्रोटीन सप्लीमेंट के 5 हानिकारक प्रभाव जानते हैं।

**किडनी पर पड़ता है बुरा असर-**प्रोटीन का सेवन करने से शरीर में अमोनिया का उत्पादन होता है। यह बाद में यूरिया एसिड और मूत्र में बदल जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, बहुत अधिक प्रोटीन सप्लीमेंट का सेवन करने से किडनी में रक्तचाप बढ़ जाता है। इससे लोगों को अधिक नुकसान पहुंचता है, क्योंकि यह रक्त से कैल्शियम को सोख लेता है और किडनी पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।शरीर में प्रोटीन की कमी को दर्शाते हैं ये 5 लक्षण।

**कैंसर का खतरा-**व्हे प्रोटीन में ट्यूमर के आकार को कम करने और ट्यूमर के विकास को रोकने की क्षमता होती है। हालांकि, कुछ प्रोटीन पाउडर ब्रांडों में भारी मात्रा में धातु का इस्तेमाल किया जाता है।इनके सेवन से लोगों को कैंसर का खतरा को सकता है।

विश्लेषण

# साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार और माफिया गैंग

डॉ. सत्यवान सौरभ

(इस बार की साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार की अंतिम घोषणा पूर्णतः जाली और संशयाधीन प्रतीत हो रही है। इससे बड़ी साहित्यिक दुर्घटना और क्या हो सकती है? इन मानदंडों पर चलते हुए हम कहाँ जा रहे हैं? समाज को क्या सीख दे रहे हैं? क्या इन्हीं अनैतिक मूल्यों के साथ आज का युवा और उनका साहित्य टिका हुआ है? साहित्य को गोरखधंधा बना दिया गया है। बहुत ही शर्म और जहालत की बात है। क्या साहित्य में माफिया गैंग का प्रवेश हो चुका है? आखिर क्या हो रहा है?)



कल केंद्रीय साहित्य अकादेमी द्वारा 2024 के युवा व बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा की सोशल मीडिया पर खबर के बाद बधाईयों के साथ-साथ, जैसे अकादेमी पुरस्कारों को लेकर हर साल होता रहा है, कोई न कोई सवाल, विवाद तो उठता ही उठता है, इस बार भी कुमार सुशांत ने प्रविष्टि की अंतिम तिथि, और उसके बाद छपी पुस्तकों पर सवाल उठाते हुए पोस्ट लिखी तो जाहिर है मामला तूल पकड़ना ही था, कई प्रतिक्रियाएं, सवालों के रूप में सामने आ रही हैं। अकादमी के किसी भी नियम में अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किताबों पर विचार के लिए कहीं कोई विशेषाधिकार का जिक्र या प्रावधान नहीं है।

नियम -३ के बिन्दु (६) में स्पष्ट लिखा है कि २४ भारतीय भाषाओं में प्राप्त सुयोग्य पुस्तकों की सूची संबध्द भाषा परामर्श मण्डल के (संयोजक सहित) सभी सदस्यों को इस अनुरोध के साथ भेजी जाएगी कि वे अकादेमी द्वारा निर्धारित तिथि तक दो पुस्तकों का अनुमोदित करें।

नियम ७ - विविध के पहले पैराग्राफ में यह जरूर लिखा है कि यदि भाषा परामर्श मण्डल के किसी सदस्य या निर्णायक के द्वारा संस्तुति भेजने की समय सीमा की अनदेखी की जाती है तो अकादेमी यह मानकर चलेगी कि उसकी कोई संस्तुति नहीं है और तदनुसार अपनी पुरस्कार प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी सिवाय उस विशेष परिस्थिति के जिसमें अकादेमी समय- सीमा को बढ़ा पाने की स्थिति में हो तथा वास्तव में उसे बढ़ाती हो।

आश्चर्य की बात जिन तीन लोगों के बारे में सवालिया निशान हैं वे तीनों ज्यूरी के द्वारा रेकॉमेंडेड हैं यानी तीनों पुस्तकों की पैरवी की गई है। वाह रे साहित्य अकादमी। कमाल तो यह कि तीन पैरवी वाले लोगों में एक को पुरस्कार दिया गया है। अब ज्यूरी कितनी ईमानदार है यह सोचने वाली बात है। कहीं ऐसा तो नहीं कि लिस्ट में जितने नाम आये हैं वे सभी ज्यूरी द्वारा रेकॉमेंडेड ही हैं। कहीं ऐसा तो नहीं रेकॉमेंडेड नाम पर ही केवल विचार हुआ और जो लेखक निर्धारित समय के भीतर अपनी पुस्तक जमा किये उनकी पुस्तक पर (रिकमेंड न होने के कारण) विचार ही नहीं किया गया। लिस्ट में शामिल किस किताब को किस ज्यूरी मेंबर ने रेकॉमेंड किया क्या साहित्य अकादमी यह बतलायेगी ?

प्रसिद्ध आलोचक,कवि, लेखक नवनीत पांडेय के अनुसार सवाल यह है कि अगर अकादेमी अपनी विज्ञप्ति में घोषित अंतिम तिथि में परिवर्तन नहीं करती है या बिना पब्लिक सूचना तिथि केवल निर्णायक पैनल को ही व्यक्तिशः सूचित कर तिथि बढ़ा देती है तो बात अलग है, बावजूद इसके किसी नियम में यह कहीं लिखा है कि निर्णायक मण्डल या पैनल को अंतिम तिथि के बाद प्राप्त या किसी व्यक्तिगत जानकारी,सोर्स से प्रकाशित किताब को सूची में शामिल कर, करा सकता है। यदि इन नियमों में कोई संशोधन नहीं हुआ है, यही हैं तो इनके प्रावधानों की जानकारी के बावजूद भी अगर निर्णायक मण्डल, पैनल तिथि के बाद प्राप्त, प्रकाशित किताबों पर विचार कर उसे अंतिम सूची में शामिल कर उन्हें पुरस्कार योग्य पाती है, पुरस्कार घोषित करती है तो अवश्य ही ये प्रतिभाए अप्रतिम और विलक्षण हैं, इस में संदेह नहीं होना चाहिए। याद दिला दूँ कि साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार-2024 हेतु आवेदन और प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2023 थी। साहित्य अकादमी ने पुरस्कार की घोषणा के साथ जिन 12 लेखकों का नाम प्रकाशित किया है उनमें दो लेखकों की पुस्तक आवेदन की तिथि के बाद आयी है। पहले लेखक हैं शहादत और दूसरे विहाग वैभव। शहादत की पुस्तक 'कर्फ़्यू की रात' लोकभारती प्रकाशन से 2024 में पब्लिश हुई यानी आवेदन की अंतिम तिथि के 5 महीने बाद और विहाग वैभव की पुस्तक राजकमल प्रकाशन से सितम्बर 2023 में प्रकाशित हुई यानी आवेदन की अंतिम तिथि के एक महीने बाद।पाठक दोनों पुस्तक के प्रकाशन का प्रमाण गूगल में देखें। ऐसी स्थिति में साहित्य अकादमी ने इन दोनों लेखकों की पुस्तकों पर विचार कैसे किया? इन दोनों पुस्तकों का नाम अंतिम सूची में कैसे है? नियमतः तो यह अमान्य और अनैतिक है। इस विषय पर शोध करने के दौरान पाया कि पुरस्कृत लेखक की पुस्तक 30 अगस्त 2023 को प्रकाशित हुई और 31 अगस्त 2023 आवेदन की अंतिम तिथि थी। एक दिन में स्वयं लेखक महोदय पुस्तक प्रकाशक से लेकर साहित्य अकादमी के कार्यालय कैसे पहुंचा दिए? क्योंकि साहित्य अकादमी की प्रेस विज्ञप्ति में साफ-साफ लिखा है कि ₹आवेदक को पुस्तक की दो प्रतियाँ स्वयं प्रमाणित जन्म प्रमाण पत्र के साथ जमा करानी होगी।

साहित्य अकादमी से अनुरोध है कि इसपर ग़ौर फरमाया जाए और तुरन्त काररवाई करते हुए साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2024 की घोषणा वापिस ली जाए। नए सिरे से पुरस्कृत युवा की नयी घोषणा की जाए। यह अन्य समर्थ युवा लेखकों के साथ ज़्यादती है। यह तो बहुत गंभीर मामला है, पारदर्शिता का दावा करने वाली अकादमी के लिए बहुत ही अपमानजनक भी, लेखकों को संज्ञान लेना चाहिए, अकादमी सचिव, अध्यक्ष से जवाब तलब करना चाहिए। सुशांत जी, आपने प्रमाण सहित जो साहित्य अकादमी की पोल खोली है उस पर सभी साहित्यकारों की दृष्टि जानी चाहिए। अब इन पुरस्कारों का कोई मूल्य नहीं रह गया। क्या इनके सदस्य भी प्रायोजित होते हैं और निर्णायक भी। कम से कम साहित्यिक पुरस्कारों को पारदर्शिता अवश्य रखनी चाहिए।उचित लेखन का मूल्यांकन करके ही पुरस्कार घोषित होने चाहिए।

**एक नजर**

## एक जुलाई से बदल जायेगा बस्तर में चलने वाली पैसेंजर और नाइट एक्सप्रेस का नंबर

**जगदलपुर 17 जून।** रेलवे ने किरंदुल-विशाखापटनम-किरंदुल लाइन पर चलने वाली पैसेंजर और नाइट एक्सप्रेस के नंबर बदल दिया है, एक जुलाई से दोनों गाडियां नए नंबर से पहचानी जाएंगी। रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के. संदीप ने बताया कि ईस्ट कोस्ट रेलवे ने मंडल में चलने वाली कई तरह ट्रेनों क पुनः क्रमांकन करने का फैसला लिया गया है। इसमें बस्तर से विशाखापटनम की तरफ चलने वाली ट्रेनें भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विशाखापटनम-किरंदुल नाइट एक्सप्रेस के लिए संशोधित ट्रेन संख्या 18527 होगी। वहीं वापसी दिशा में किरंदुल विशाखापटनम एक्सप्रेस की ट्रेन संख्या 18528 रहेगी, जबकि पुरानी संख्या 18514 व 18513 थी। इसी तरह विशाखापटनम-किरंदुल पैसेंजर की संशोधित ट्रेन संख्या 58501 होगी। वापसी दिशा में किरंदुल-विशाखापत्तनम पैसेंजर की ट्रेन संख्या 58502 होगी, जबकि वर्तमान में इस ट्रेन की संख्या 08551/08552 है। उन्होने बताया कि ट्रेन एक जुलाई से संशोधित नंबर के साथ संचालित की जाएंगी।

## सी-मार्ट के संचालन के लिए 20 जून तक आवेदन

**उत्तर बस्तर कांकेर, 17 जून।** शासन की विभिन्न विभागों की योजनाओं के अन्तर्गत संचालित स्व सहायता समूहों, शिल्पियों, बुनकरों, दस्तकारों, कुम्भकारों अथवा अन्य पारंपरिक एवं कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों का समुचित मुल्य एवं विक्रय सुनिश्चित करने एवं इनके व्यावसायिक ढंग से मार्केटिंग किये जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा आधुनिक शो रूम की तरह ही एक सी-मार्ट की स्थापना किया गया है। उक्त सी-मार्ट के माध्यम से उत्पादों के विक्रय एवं सी-मार्ट के पूर्ण संचालन हेतु निजी संचालक का चयन किया जाना है। इस हेतु इच्छुक संस्थाओं या फर्मों से मुहरबंद प्रपत्र में 20 जून तक रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। अन्य नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला पंचायत कांकेर के सूचना पटल पर एवं कांकेर की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## शान्ति सरोवर में योग महोत्सव 21 तक

**रायपुर 17 जून।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा 16 से 21 जून तक विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर में योग महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारम्भ रविवार, 16 जून को सुबह 7 बजे किया जाएगा। विषय होगाः स्वयं एवं समाज के लिए योग। इसके अलावा संस्थान के एक हजार सदस्य 21 जून को सुबह साईन्स कालेज मैदान में शासन द्वारा आयोजित मुख्य समारोह में भी शिरकत करेंगे। योग महोत्सव के मुख्य अतिथि महिला बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े होंगी। विशिष्ट अतिथि गृह सचिव एवं अग्निशमन व आपदा प्रबन्धन के महानिदेशक अरूण देव गौतम, विधायक पुरन्दर मिश्रा और रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता इन्दौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी करेंगी। उल्लेखनीय है कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा विगत 38 वर्षों से माह के तीसरे रविवार को पूरे विश्व के 140 देशों में एक साथ और एक ही समय पर सामूहिक योग किया जाता रहा है। इस दिन शाम को 6.30 बजे सारे विश्व में सभी ब्रह्माकुमार और ब्रह्माकुमारियाँ मिलकर राजयोग के अभ्यास के द्वारा सारे विश्व में शान्ति के प्रकम्पन फैलाते हैं। राजयोग सीखने के इच्छुक लोगों के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर और चौबे कालोनी स्थित सेवाकेन्द्र में प्रतिदिन दो सत्रों में सुबह 7 से 8 एवं शाम को 7 से 8 बजे निःशुल्क सात दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन किया गया है। सुविधानुसार किसी एक सत्र का चयन कर लाभ लिया जा सकता है।

## 5717 करोड़ के लोन डिफॉल्ट मामले की जांच सीबीआई ने शुरू की

**रायपुर 17 जून।** माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में सीबीआई ने लगभग 5717 करोड़ रु. के लोन डिफॉल्ट के सम्बंध में विभिन्न निजी कंपनियों के निदेशकों एवं प्रमोटरों सहित 28 आरोपियों के विरुद्ध बैंक धोखाधड़ी का मामला अपने हाथों में लेते हुए जांच की कार्रवाई करते हुए इनके ठिकानों पर तलाशी शुरू की।जिन कंपनियो के खिलाफ जांच की जा रही है उनमें रायपुर मैसर्स एसकेएस इस्पात एंड पावर लिमिटेड औरमैसर्स श्री कृष्णा स्ट्रक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल है। सीबीआई ने माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन म मामला दर्ज किया।

# महाराष्ट्र मंडल के केंद्रों ने किया राम रक्षा स्तोत्र व हनुमान चालीसा पाठ

**आध्यात्मिक समिति के 24वें सप्ताह आयोजित इस कार्यक्रम में अनेक केंद्रों ने दिखाया भरपूर उत्साह**



**रायपुर 17 जून।** महाराष्ट्र मंडल की आध्यत्मिक समिति की ओर से शुरू किए गए राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा पाठ का साप्ताहिक सिलसिला 24वें सप्ताह शनिवार की शाम को जारी रहा। मंडल के कई केंद्रों की महिलाओं ने समीस्थ मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं के साथ राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का कई बार पाठ किया।

आध्यात्मिक समिति की प्रमुख आस्था काले ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को होने वाले राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा के पाठ से मनुष्य भय रहित हो जाता है। बूढ़ापारा स्थित हनुमान मंदिर में राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ करते समय अनेक श्रद्धालुओं की उपस्थिति में वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान सुनील गायकवाड़, शुभम अग्रवाल, भूपेन डागा, राजेश कदम, प्रणिता नलगुंडवार, अंजलि नलगुंडवार, ज्योति पवार, हेमा पराडकर सहित कई भक्तगण व महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासद उपस्थित रहे।

इधर सरोना केंद्र की महिला सभासदों ने सालासर ग्रीन्स स्थित हनुमान मंदिर में राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। इस दौरान जयश्री ढेकणे, सुरेखा पाठक, आरती ठोंबरे, मीना परदेशी, दीप्ति शिलेदार, विभा पांडे, प्रविणा बापट, शांति महाजन, शिखा चोरनेले और ज्योति अग्रवाल प्रमुख रुप से उपस्थित थीं।

तात्यापारा चौक स्थित प्राचीन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में तात्यापारा केंद्र की वरिष्ठ सभासदों ने कई बार राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ किया। निशा राहटगांवकर और प्रभा हिशीकर के नेतृत्व में पाठ के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ उपस्थित रही। पाठ करने वालों में प्रमुख रूप से कुमुद कान्हे, संध्या खंगन, अलका संत, प्रदुम्य कुसरे, उषा कुसरे, वर्षा डांगे, रेखा डोनगांवकर, सौ. भागवतकर, श्रीमती गुप्ता शामिल रहीं। इसके अलावा भी महाराष्ट्र मंडल के अनेक केंद्रों की महिलाओं ने समीपस्थ मंदिरों में जाकर राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का स्वस्फूर्त पाठ किया।

# छग स्कूल सफाई कर्मचारी संघ ने केशकाल विधायक व कांकेर सांसद को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंड़ागांव 17 जून।** जिले के फरसगांव स्कूल सफाई कर्मचारीयों द्वारा एक सूत्रिया मांग पूर्णकालिक कलेक्टर दर करते हुए नियमितिकरण कर भृत्य के पद में समायोजित करने के सम्बन्ध में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम एवं भोजराज नाग कांकेर लोकसभा सांसद को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान स्कूल सफाई कर्मचारीयों के पदाधिकारी जिला अध्यक्ष विष्णु दास कुलदीप, सचिव गणेश नाग, संरक्षण धनीराम टांडिया, उपाध्यक्ष गणेश बघेल, केशकाल ब्लाक अध्यक्ष मयाराम नेताम, फरसगांव ब्लॉक घनश्याम निषाद, सचिव भागेन्द्र बैध, बडेराजपुर ब्लाक से फूलसिंह नेताम, माकडी ब्लाक से मानकू कोर्राम, कोण्डागांव ब्लाक से रामपथ कोर्राम मौजूद थे। ज्ञापन में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य में विगात 12-13 वर्षो से स्कूल सफाई कर्मचारी शालाओं में साफ सफाई वातावरण का निर्माण करने का करते आ रहे हैं तथा जन घोषणा पत्र जारी किया जिसमें स्कूल सफाई कर्मचारीयों की एक सूत्रिया मांग अंशकालीन से पूर्णकालीन करने व शामिल किया गया था, लेकिन आज पर्यन्त तक हमारी मांगों के सम्बन्ध में गम्भीरता पूर्वक कोई ठोस विचार नहीं किया गया है। जिसमें की श्रम मंत्रालय द्वारा प्रति व्यक्ति दिवस मजदूरी दर 243 रूपये निर्धारित की गई है, फिर भी वर्तमान में हम लोगों प्रति दिवस 112 ही दिए जा रहा है, जो कि श्रम मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रति दिवस मजदूरी दर का उल्लघंन है। हम परिवार को पालन पोषण करने में एवं बाल बच्चों को पढ़ाने में कठिनाइयां का सामना करना पड़ रहा है।

बस्तर संभाग में संविधान के अनुच्छेद 243-244 में उल्लेखित पेसा अधिनियम जिसमें त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्था तहत अनुसूचित और जनजातियां क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के अनुमोदन के आधार पर ग्रामीण भारत में स्थानीय स्वशासन को बढ़ावा देने के लिए संविधान में संशोधन की मंजूरी दी गई थी। पेसा कानून के प्रावधानों के बावजूद स्कूल सफाई कर्मचारी के जायज हितों के सम्बन्ध में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बस्तर संभाग के प्रत्येक ग्राम पंचायत से ग्राम सभा प्रस्ताव दिया गया है, जिसमें दर्शाया गया है कि स्कूल सफाई कर्मचारी को पूर्णकालीन करते हुए कलेक्टर दर दिया जाए।



## छत्तीसगढ़ में प्रीमीटिव ट्राईब्स को मिल रही बुनयादी सुविधाएं और पक्के आवास

**रायपुर 17 जून।** छत्तीसगढ़ में केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना पीएम जनमन योजना से प्रीमीटिव टाईब्स के बसाहटों में मूलभूत सुविधाओं के साथ ही उन्हें पक्के आवास दिए जा रहे हैं। राज्य में इस योजना का क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस वर्ष की बजट में 300 करोड़ रूपये की राशि आबंटित की है। आदिवासी अंचलों में इस योजना के तेजी से अमल के लिए सभी जिला कलेक्टरों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। देश में पहली बार इन विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना बनाई गई है। यह योजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु से शुरू की थी। छत्तीसगढ़ में इस योजना पर तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है। पीएम जनमन योजना की क्रियान्वयन से छत्तीसगढ़ में रह रहे बिरहोर, पहाड़ी कोरवा, बैगा, कमार और अबूझमाड़िया लोगों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिलना शुरू हो गया है। घास-फूस के घरों की जगह इन परिवारों को पक्के घर दिए जा रहे हैं। इन जनजाति परिवारों के बसाहटों में पेयजल, बिजली, सड़क जैसी सुविधाएं भी दी जा रही है। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री जनजाति, आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन) के तहत वर्ष 2023-24 में 847 करोड़ रूपए की लागत की 1180 कि.मी. लंबाई की 333 सड़कों की स्वीकृति प्रदान की गयी, इन सड़को से 366 विशेष पिछड़ी जनजाति समूह बसाहटों लाभान्वित होगी। इस योजना के अंतर्गत 15,154 परिवारों को आवास स्वीकृत किए गए हैं। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 300 करोड़ रूपए का बजट रखा गया है।

**समाचार संक्षेप**

## विस्फोटक के साथ 3 नक्सली मिलिशिय सदस्य गिरफ्तार



**सुकमा 17 जून।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर थाना जगरगुण्डा से डीआरजी एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी नक्सली गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम पोरो कोण्डासांवली की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान ग्राम पोरो कोण्डासांवली के जंगल/पहाड़ी के पास से 03 नक्सलियों माड़वी पोदिया पिता स्व. जोगा (कोण्डासांवली आरपीसी मिलिशिया सदस्य) निवासी कर्रेपारा कोण्डासांवली थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, कुंजाम हुर्रा पिता हुंगा (कोण्डासांवली आरपीसी मिलिशिया सदस्य) निवासी कर्रेपारा कोण्डासांवली थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा एवं दाम आयतु पिता स्व. पदाम जोगा (गमपुर आरपीसी मिलिशिया सदस्य) निवासी बोडोपल्ली पटेलपारा थाना अरनपुर जिला दंतेवाड़ा को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 10 मीटर कोर्डेक्स वायर, 2 नग नान इलेक्ट्रीक डेटोनेटर, 05 नग जिलेटिन राड, 20 मीटर वायर, 5 नग पेंसिल सेल, माचिस का डिब्बा, 1 नग लोहे के टुकड़े, कुंजाम हुर्रा के थैला से 4 मीटर कोर्डेक्स वायर, 5 नग नान इलेक्ट्रीक डेटोनेटर, 3 नग जिलेटिन रॉड, 10 मीटर वायर, 5 नग पेंसिल सेल, 1 नग टिफिन, लोहे के किले, 03 नग बम फटाखा, 2 नग माचिस का डब्बा बरामद किया गया। पूछताछ करने से बड़े नक्सली कमाण्डरों के कहने पर सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से रखना बताये। उक्त कृत्य विधि विरूद्ध पाये जाने से तीनों नक्सलियों के खिलाफ थाना जगरगुण्डा में अपराध क्रमांक 09/2024 धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही उपरांत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया।

## अनेक यात्राएं, साथ गुजारे दिन, राजदूत की सवारी और 90 के दशक के पुराने किस्से-कहानियों पर जमकर हुई बात



**रायपुर 17 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज उनके रायपुर निवास में जशपुर जिले के श्री अनेर सिंह मिलने आए। इस खास मुलाकात ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को अपने विधायकी और संघर्ष के दिनों की याद दिला दी। अनेक यात्राएं, श्री अनेर सिंह के दुलदुला निवास में गुजारे दिन, राजदूत की सवारी, 90 के दशक के पुराने किस्से-कहानियां और घर-परिवार की जब बातें हुई, तो मानो सब कुछ मुख्यमंत्री के आंखों के सामने तैरने लगा। जशपुर जिले के ग्राम सिरिमकेला के रहने वाले श्री अनेर सिंह दरअसल पिछले 15-20 सालों से कान की समस्या से ग्रसित है और उन्हें सुनने में कठिनाई होती है। धीरे-धीरे उनकी श्रवण क्षमता कम हो गई। मुख्यमंत्री श्री साय को जब यह बात पता चली, उन्होंने तत्काल श्री अनेर सिंह को रायपुर मिलने बुलाया और स्वयं उन्हें श्रवण यंत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने श्री अनेर सिंह से ढेर सारी बाते की, उनका हालचाल जाना और स्वास्थ्य की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने यंत्र लगाने के बाद पूछा आवाज आत हे, सुनात हे। श्री सिंह ने जवाब दिया अब अच्छे से आवाज आ रही है और इसे चलाना भी सीख गया हूं। उन्होंने मुख्यमंत्री को पहले जैसा पाकर अपनी खुशी भी जाहिर की। मुख्यमंत्री ने कहा अपनों से मुलाकात हमेशा सुखद होता है। उन्होंने श्री सिंह से जशपुर आकर मिलने का वादा भी किया। इस दौरान श्री कृष्ण कुमार राय और समाज कल्याण विभाग के अपर संचालक श्री पंकज वर्मा भी उपस्थित थे।

# दुष्कर्म व लूटपाट के मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**जगदलपुर 17 जून।** जिले के थाना कोतवाली पुलिस ने पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म कर लुटपाट करने वाले आरोपी के विरूद्ध प्रार्थिया के रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली जगदलपुर में अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी हेतु टीम रवाना किया गया। टीम द्वारा आरोपी अनिल नाग का पता तलाश कर, हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। जिसके द्वारा अपराध स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमांड पर न्यायालय रवाना किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 जून 2024 को परिचय के समलूराम बघेल के परिवार ग्राम छोटे देवड़ा में शादी कार्यक्रम में शामिल होकर वापस सुबह जा रही थी। इसी दौरान दंतेश्वरी मंदिर के पास अनिल नाग नाम का व्यक्ति आया और अपने आप को पुलिस वाला बताकर तुम लोग यहां क्यो घुम रहे हो, कहकर डराया धमकाया थाना चलो बोला और स्टेट बैक चौक के पास समलू बघेल से दो हजार रूपये लेकर उसे वहां से डरा धमका कर भगा दिया और मुझे चाकू दिखाकर आटो में बिठाया मेरा अपहरण कर, आडावाल जंगल की ओर ले गया। जहां पर मुझे चाकु दिखाकर डराते हुये जबरदस्ती मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया और मेरे पास रखे दो हजार रूपये को मुझे गाली गलौच, हाथ मुक्का से मारपीट कर छिंन लिया। और मुझे किसी को बतायेगी तो जान से मार दुंगा कहकर धमकी दिया है।



# रंगोली के एक्जीबिशन में महिलाओं को बंधक बनाए जाने पर हंगामा

**रायपुर 17 जून।** होटल सयाजी मे शुक्रवार को इवेंट कंपनी द्वारा महिलाओं से जीएसटी की मांग को लेकर उनके सामान को रोके जाने तथा एग्जीबिशन हॉल के मुख्य द्वार को बंद किये जाने का मामला सामने आया ।बाद में पीड़ित महिलाओं के द्वारा पुलिस को सूचित करने और पुलिस हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। बताया जाता है कि रंगोली (इवेंट कंपनी) द्वारा विगत 13 व 14 जून को होटल सयाजी मे एग्जीबिशन का आयोजन किया गया था।जिसमें इवेंट कंपनी ने 18000 से लेकर 24000 तक प्रति स्टॉल किराया स्टॉल लगाने वाली महिलाओं से लिया गया था। एग्जीबिशन के दौरान रंगोली द्वारा दिए गए स्टॉलों से जबरदस्ती जीएसटी की राशि अतिरिक्त वसूली की जा रही थी, जबकि पूर्व में रंगोली द्वारा जीएसटी देने के बारे में किसी को बताया नहीं गया था। ज्ञातव्य है कि 14 जून को जीएसटी विभाग के अधिकारी द्वारा इवेंट पर जीएसटी राशि मांगने पर स्टॉल लेने वालों से विभागीय अधिकारी के निर्देश पर (जैसा रंगोली वालों ने बताया) सभी स्टॉलों से बिना बिल के प्रति स्टॉल 3000 रुपये देने का दबाव बनाया, नहीं देने पर रंगोली द्वारा एग्जीबिशन हॉल के दोनों गेट बंद कर महिलाओं व सामान बाहर जाने से रोक दिया गया। लगभग 1.30 घंटे सभी महिलाएं एवं उनके साथी असुरक्षित महसूस करने एवं परेशान होते रहे। अंत में परेशान होकर फोन द्वारा थाने में सूचना दी, जिसके बाद पुलिस वहां पहुंची और प्रदर्शनी हॉल गेट खुलवाया।एग्जीबिशन आयोजनकर्ता रंगोली इवेंट कंपनी के द्वारा स्टॉल किराया के अलावा टेबल एवं लाइट का भी अतिरिक्त शुल्क लिया गया। इस एग्जीबिशन में रंगोली द्वारा लगभग 32 स्टॉल किराया पर दिये गये थे जिसे जीएसटी की राशि लगभग 1 लाख से अधिक होती है। उन्होंने पूरा जीएसटी दिया है या नही एवं होटल, टेबल, लाईट, किराया भंडार, माईक आदि का जीएसटी रंगोली व्दारा दिया गया है या नहीं इसकी भी जांच किये जाने की मांग एग्जीबिशन में शामिल महिलाओं के द्वारा पुलिस-प्रशासन से की गई शिकायत में की गई है। साथ ही जिला प्रशासन भी यह सुनिश्चित करें की भविष्य में किसी इवेंट कंपनी द्वारा स्थानीय महिलाओं से इस प्रकार का अभद्र व्यवहार/बंधक बनाने की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसका भी ध्यान रखा जाये।

# कोई बस शहर में प्रवेश न कर सीधे बाईपास से निकल जाएगी तो उसके खिलाफ होगी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 17 जून।** रायपुर जगदलपुर मार्ग पर चलने वाली यात्री बसें रात 12 बजे के बाद शहर के अंदर प्रवेश नहीं करती थी। बसों में सवार कांकेर के यात्रियों को माकड़ी ढ़ाबा, पप्पू ढाबा में ही उतार बाईपास से निकल जाती थी। इसके बाद यातायात पुलिस ने बस ऑपरेटरों की बैठक बुलाई और अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई बस कांकेर शहर में प्रवेश नहीं कर सीधे बाईपास से ही निकल जाएगी तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस ने यात्रियों से भी कहा की अगर कोई बस चालक शहर के उन्हें बाहर ही उतार देता है तो बस के नंबर सहित फोटो खींचकर पुलिस को दें कार्रवाई की जाएगी।

यात्री बसें कांकेर शहर के अंदर से होकर आना जाना कर रही है या बाईपास से ही चली जा रही है इस पर निगरानी रखने के लिए पुलिस की हाईवे पेट्रोलिंग टीम को जिम्मेदारी दिया गया है। पेट्रोलिंग टीम रात भर चारामा से कांकेर के बीच लगातार गश्त करेगी। यातायात पुलिस ने कंट्रोल रूम में बस ऑपरेटरों की बैठक ली, बैठक में यातायात प्रभारी दीपक साव ने कहा सभी बसों को कांकेर शहर के अंदर से ही होकर जाना है और निर्धारित स्टॉपेज में यात्रियों को उतारना है। इसके बाद भी कोई चालक यदि बस को बाईपास से ही ले जाएगा तो उसके खिलाफ सीधे कार्रवाई की जाएगी। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रात में सवारियों को ढाबों में या बाईपास के क्रॉसिंग में उतारना गलत है। साथ ही पुलिस ने सभी बसों के ड्राइवरों का चरित्र सत्यापन अनिवार्य रूप से कराने कहा। इसके अलावा नशे मे कोई भी चालक बस चलाते पाया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी और मामला न्यायालय में पेश किया जाएगा, क्योंकि यह यात्रियों की सुरक्षा का मामला है। बस ऑपरेटरों को कहा गया कि यदि किसी यात्री का सामान बस में छूट जाता है तो उस सामान को पुलिस थाने में जमा कराएं ताकि सामान के वास्तविक मालिक को सुपुर्द किया जा सके। सभी बस ऑपरेटरों ने उक्त सभी नियमों का पालन करने स्वीकृति दी और कहा की वे यात्रियों की हर सुविधा का ख्याल रखेंगे।



## रक्तदान शिविर में 60 यूनिट रक्त किया गया एकत्रित

**रायपुर 17 जून।** रक्तदान एवं स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति पूरे प्रदेश सहित भारत में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाली संस्था हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन,रायपुर वेलफेयर फाउंडेशन एवं लायंस क्लब रायपुर वेस्ट द्वारा रायपुर स्थित ऑक्सीजोन गार्डन के हनुमान मंदिर प्रांगण में विश्व रक्तदान दिवस सप्ताह के अवसर पर 16 जून को विशाल रक्त एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें कुल 60 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया यह रक्त जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क रूप से उपलब्ध कराया जायेगा एवं लगभग 100 से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य का जाँच कराया हेल्पिंग हैंड्स संस्था के संरक्षक एवं रायपुर वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. रमेश अग्रवाल ने बताया की संस्था समय समय पर ऐसे कैंप लगाकर लोगों को स्वास्थ्य सम्बन्धी सहायता मुहैया कराना संस्था के प्रमुख लक्ष्यों में एक है जिससे लोगों को रक्तदान के लिए भटकना न पडे रक्तदानियों ने भी मुक्त कंठ से इस आयोजन की प्रशंसा की आप लोगों द्वारा यह सेवा कार्य बेमिसाल है जिससे गरीब वर्ग के जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क रूप से सहायता दी जा सकेगी रक्तदाताओं ने आगे भी ऐसे आयोजन में संस्था के साथ जुड़कर सेवा कार्य करने के लिए अपनी सहमति प्रदान की आयोजन को सफल बनाने में रायपुर वेलफेयर फाउंडेशन, हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन, लायंस क्लब रायपुर वेस्ट सहित बालाजी हॉस्पिटल टीम का विशेष सहयोग रहा।

## कुर्बानी की प्रथा का परित्याग किया जाना एक सार्थक पहल होगी: दिनेश मिश्र

रायपुर 17 जून। अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने बताया कि तेलंगाना सरकार ने एक आदेश जारी किया है, कि तेलंगाना में ईदुज्जुहा( बकरीद) में ऊंटों को काटने सहित अन्य किसी भी मकसद से लाना गैरकानूनी है और कानून तोडने वालों पर मामला दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी. वही दूसरी ओर जन जागरूकता प्रयासों के चलते देश के कुछ स्थानों से पिछले वर्ष जीवित प्राणी की कुर्बानी देने के बदले केक काटकर धार्मिक रस्म अदा करने के इको फेंडली ईद मनाने के उदाहरण सामने आए. कुर्बानी की प्रथा का परित्याग किया जाना एक सार्थक पहल होगी। डॉ दिनेश मिश्र ने बताया दरअसल, तेलंगाना हाई कोर्ट में ईदुज्जुहा(बकरीद) के दौरान ऊंटों की कुर्बानी देने पर रोकथाम की मांग वाली एक जनहित याचिका दायर की गई थी। इस जनहित यहिका पर सुनवाई करने के बाद आदेश जारी करते हुए कोर्ट ने कहा कि परंपरा के नाम पर ऊंट को न मारा जाएं. इसके पहले महाराष्ट्र राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश में भी धार्मिक अवसरों पर विभिन्न पशुओं की कुर्बानी दिये जाने के सम्बंध में अलग अलग समय पर रोक के आदेश जारी किए है ,तेलंगाना ,राजस्थान, उत्तरप्रदेश, में कुछ स्थानों में ईदुज्जुहा (बकरीद) पर विभिन्न जानवरों की कुर्बानी दिये जाने के मामले सामने आए हैं, उत्तराखंड में उच्च न्यायालय ने 2018 में बकरीद सहित सभी धार्मिक आयोजनों में होने वाली कुर्बानी/पशुवध सार्वजनिक स्थानों में किये जाने पर रोक लगा दी थी ।

**एक नजर**

## बृजमोहन अग्रवाल की आभार रैली से नगरवासियों में हर्ष, होगा भव्य स्वागत



**तिल्दा-नेवरा, 17 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर में शाम सात बजे रायपुर लोकसभा के निर्वाचित सांसद छत्तीस गढ़ के जन जन के नेता केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल आभार व्यक्त करने नगर में पधार रहे है उनके साथ बलौदा बाजार विधान सभा के विधायक और शासन के मंत्री टंक राम वर्मा भी उपस्थित होगे। बीजेपी ने जोरदार तयारी को है तिल्दा नेवरा में जगह जगह स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। शाम सात बजे खरोरा से तिल्दा नेवरा में स्वागत किया जायेग। बीजेपी नेता स्वागत करने आतुर है।

## ट्रक ड्राइवरों से लूटपाट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा,17 जून।** कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान व नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा प्रतिभा मरकाम के मार्गदर्शन में ट्रक चालकों से हथियार दिखाकर लूटपाट करने वाले कथित बबली गैंग को पकड़ने में सफलता मिली है। प्रार्थी ट्रक ड्राइवर मनीष कुमार यादव पिता इंद्ल राम यादव उम्र 23 वर्ष सद्गुरु ट्रांसपोर्ट कोरबा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 15 जून को लगभग 5ः30 बजे अज्ञात लोग चाकू दिखाकर प्रार्थी का मोबाइल एवं नगदी रकम लूट कर ले गये है। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार मुखबिर तंत्र लगाकर उक्त कथित आरोपियों की पतासाजी की गई और चौकी प्रभारी मानिकपुर प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में बबली गैंग के कथित दो आरोपी को पकड़ कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, चाकू, लूटे गये मोबाइल, नगदी रकम को जप्त कर उनको गिरफ्तार किया गया है।

## रेलवे साइडिंग पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**कोरबा,17 जून।** रेलवे साईडिंग में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि गेवरा रोड स्टेशन मेन लाइन के किनारे पुराने पेट्रोल पंप और साइलो के मध्य अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। मृतक के शरीर में सफेद रंग की शर्ट और लाइट कलर की पेंट था। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, पर सफलता नहीं मिल सकी। वैधानिक कार्रवाई के बाद शव मर्च्यूरी में रखा दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मौत कैसे व किन परिस्थिति में हुई है, यह पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है, उसके बाद आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। यहां बताना होगा कि कुछ दिन पूर्वक्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिली थी। इस मामले में पुलिस ने उसके प्रेमी मनबोध को गिरफ्तार कर जेल में दाखिल कर मामला खत्म किया था कि अब पुनः एक व्यक्ति की लाश मिल गई।

## बायसन के हमले में युवती घायल

**कोरबा,17 जून।** जिले के वनमंडल कटघोरा में घूम रहा बायसन ग्राम सलोरा तक पहुंच गया। ग्राम के पास खेत की ओर गई मूक बधिर एक युवती को बायसन ने हमला कर दिया। हमले में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई।उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार कटघोरा रेंज के ग्राम सलोरा निवासी साधना केवट उम्र (18 वर्ष) पिता फागु केवट अपनी बहन चंद्रिका के साथ ग्राम के बाहर खेत की ओर गई थी। वहा से दोनों वापस लौट रही थी। इसी दौरान बायसन ने दौड़ते हुए उस पर हमला कर दिया। युवती मूकबधिर होने की वजह से इशारा करती रही, लेकिन उसकी छोटी बहन कुछ समझ नहीं पाई। बाद में चंद्रिका समझकर शोर मचाने लगी तो परिजन मौके पर पहुंचे। इसके बाद गंभीर घायल युवती को कटघोरा अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है। रेंजर अशोक कुमार मन्नेवार ने बताया कि घायल को 500 रुपए तात्कालिक सहायता राशि दी गई है। बायसन एतमानगर रेंज होते हुए फिर से जटगा की ओर चला गया है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत है। पहले इस क्षेत्र में हाथियों से डर बना हुआ था। अब बायसन का भी डर लोगों को हैं।

## सोफे में घुस कर बैठा था सांप, जितेंद्र सारथी की टीम ने किया रेस्क्यू

**कोरबा,17 जून।** कोरबा से 22 किलोमीटर दूर बाकी मोंगरा क्षेत्र में रहने वाले एक परिवार उस समय दहशत में आ गया जब आचनक कहीं बाहर से एका एक विशाल काय 7 फीट का साप घर के सोफे में आकर घुस गया फिर क्या था पूरा परिवार डरने लगा, जिसके बाद घर वालों ने कॉलोनी के आस पास के लोगों की मदद से निकालने का प्रयास भी किया पर सफलता नहीं मिली आखिकार थक हार के इसकी सूचना वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम कोरबा के प्रमुख जितेंद्र सारथी को दिया गया जिस पर सारथी ने थोड़ी देर में अपने टीम को भेजने की बात कहीं तब तक निगरानी रखने की बात कहीं फिर घंटों इंतजार के बाद वहा रेस्क्यु के लिए राकेश मानिकपुरी पहुंचे और सोफे को घर से बाहर निकाला फिर सोफे को फाड़ा गया तभी अचानक एक तरफ से वो साप बाहर आया और टीम ने बताया यह धमना साप हैं जो की जहरीला नहीं होता पर लोग अक्सर इसके आकार और रंग को देख कर डर जाते हैं फिर उसको सुरक्षित बोरे में बंद किया गया और सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। जितेंद्र सारथी ने कहा की अब सभी लोगो को सतर्क रहने की आवश्यकता हैं और जब भी कोई साप दिखे हमें जानकारी दे साथ ही सर्प दंश होने पर बिना देरी किए जिला अस्पताल जाए।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर किया रक्त वीरों का सम्मान

**कोरबा, 17 जून।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में विशाल रक्तदान शिविर और सम्मान समारोह का आयोजन ब्लड बैंक स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबंध इंदिरा गांधी चिकित्सालय कोरबा में किया गया। जिसमें से छत्तीसगढ़ बटालियन हृष्ट के छात्रों, कमला नेहरू कॉलेज के छात्रों, छत्तीसगढ़ हेल्प एवम वेलकेयर सोसाइटी कोरबा एवं प्रधान डाकघर कोरबा के अधिकारी एवं कर्मचारी, तस्ष्ट के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा रक्तदान शिविर में भाग लिए गया।

आज के शिविर का उद्घाटन डॉ एस एन केसरी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरबा, डॉ. दुर्गा शंकर पटेल प्रभारी संयुक्त संचालक मेडिकल सुपरिंटेंडेंट GMC कोरबा, डॉ. GS Jatra प्रभारी ब्लड बैंक द्द्रुष कोरबा एवं छ्करू श्री पदमाकर शिंदे जी भी उपस्थित थे। समस्त ब्लड बैंक एवं चिकित्सालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। शिविर में 47 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस एन केसरी के द्वारा बताया गया कि सभी स्वस्थ व्यक्ति साल में चार बार रक्तदान कर सकते हैं जिसकी आयु 18 से 65 वर्ष की हो और जिसका वजन 45 किलो ग्राम से कम ना हो। रक्त 72 घंटों में पुनः शरीर में निर्माण हो जाता है।

डॉ. डी एस पटेल प्रभारी स्रू द्वारा बताया गया कि हमारे यहां प्रतिदिन ऑपरेशन होते हैं जिसमें रक्त की आवश्कता होती है और रक्तदान से ही भरपाई किया जाता है। डॉ. जी एस जात्रा प्रभारी ब्लड बैंक के द्वारा बताया गया कि रक्तदान से हमारी शरीर को कोई नुकसान नहीं होता है हमारे शरीर में लगभग आज 5 लीटर रक्त रहता है जिसमें मात्र 300 द्द्य रक्त ही निकला जाता है जो कि नहीं कि बराबर होता है। रक्त डोनेट करने से यहां फायदा होता है कि 2500 से 3000 रुपए के जांच मुफ्त में हो जाते है और यदि कोई बीमारी होगी तो वह समय पर पता चल जाता है और उपचार भी समय पर हो जाता है।

जो रक्त दाता के द्वारा रक्त प्रदान किया जाता है उसे सिकल सेल, थैलेसीमिया, ब्लड डिसऑर्डर, कैंसर एवं डायलिसिस को इमरजेंसी के मरीजों के मुफ्त प्रदान किया जाता है। प्रतिदिन लगभग मेडिकल कॉलेज में 25 से 30 यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ता हैं। माह में लगभग 450 यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है जिसे रक्तदाताओं के द्वारा पूर्ति हो पाता है। श्री पदमाकर शिंदे जी ने बताया कि रक्त की पूर्ति के लिए विकासखंड में रक्तदान शिविर का आयोजन करेंगे ताकि जरुरतमंद लोगों को रक्त की पूर्ति की जा सके।




### बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए किए आवश्यक प्रबंध

# शहर के सभी प्रमुख पहुंच मार्गों पर पॉइंट लगाकर की जा रही है वाहनों की चेकिंग

- पुलिस पेट्रोलिंग पार्टियों के माध्यम से 24 घंटे रख रही है क्षेत्र में निगरानी
- सोशल मीडिया भड़काऊ पोस्ट या किसी के भी बहकावे में ना आए, शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपना अमूल्य योगदान देकर एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 17 जून।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं, जिसके तहत पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टियों द्वारा 24 घंटे क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही बलौदाबाजार नगर पहुंच समस्त प्रवेश मार्ग पर नाकाबंदी पॉइंट लगाकर चेकिंग कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा जिले में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से सूक्ष्म बिंदुओं पर भी निगाह रख शांति व्यवस्था हेतु आवश्यक तैयारी की जा रही है। साथी किसी भी प्रकार की जानकारी देने एवं आवश्यक सुझाव आदि के लिए जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 94791 90629 जारी किया गया है, जिसमें आप सभी अपने सुझाव जानकारी आदि किसी भी समय दे सकते है।

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की अपील सोशल मीडिया फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम आदि के भड़काऊ पोस्ट अथवा किसी के भी बहकावे में ना आए, जिस प्रकार एक परिवार को एक साथ रखने में परिवार के सभी सदस्यों का अहम योगदान होता है, ठीक उसी प्रकार शांति व्यवस्था बनाए रखने में आप सभी का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। कानून एवं शांति व्यवस्था में आवश्यक सभी नियमों का पालन करें।

शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस एवं प्रशासन का हर संभव सहयोग कर एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।



### दस्तावेज पुनर्निर्माण व पीड़ित राहत समिति का किया गया गठन

**बलौदाबाजार, 17 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में हुई घटना के कारण हुई दस्तावेजी क्षति का आकलन कर दस्तावेज का पुनर्निर्माण करने दस्तावेज पुनर्निर्माण समिति एवं कार्यालय परिसर में हुई घटना के शिकार व्यक्तियों के लिए मनोचिकित्सा काउंसलिंग एवं यथोचित उपचार सहायता एवं क्षतिपूर्ति का आकलन करने हेतु पीड़ित राहत समिति का गठन किया गया है। गठन संबधी आदेश आज कलेक्टर दीपक सोनी ने जारी किया है। दस्तावेज पुनर्निर्माण समिति संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में हुई घटना के कारण हुई दस्तावेजी क्षति का आकलन कर दस्तावेज का पुनर्निर्माण कर कलेक्टर को प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। उक्त समिति में रामरतन दुबे, डिप्टी कलेक्टर, उप संचालक, खनिज प्रसाधन, जिला आबकारी अधिकारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी, जिला योजना एवं सांख्यिकीय अधिकारी, उप पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पेखन टोण्ड्रे, अधीक्षक भू अभिलेख शामिल है। इसी तरह कार्यालय परिसर में हुई घटना के शिकार व्यक्तियों के लिए मनोचिकित्सा काउंसलिंग एवं यथोचित उपचार सहायता एवं क्षतिपूर्ति का आकलन करने हेतु पीड़ित राहत समिति का गठन किया गया है। जिसमें मुख्य कार्यापालन अधिकारी जिला पंचायत बलौदाबाजार, मिथलेश डोंडे, संयुक्त कलेक्टर, जिला कार्यकम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी, उप संचालक, समाज कल्याण शामिल है।

## परिवाद में आदेश पर पुलिस ने दर्ज की दो लोगों पर एफआईआर

**कोरबा, 17 जून।** पहले फर्जी आदिवासी बनकर, दूसरे को खड़ा कराकर छलपूर्वक जमीन खरीदने और फिर न्यायालय को भी गुमराह करते हुए किसी और को उपस्थित करा कर आदेश व डिक्री पारित कराने के मामले में कार्रवाई हेतु दायर परिवाद पर न्यायालय के आदेश उपरांत दो लोगों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

जानकारी के अनुसार इस मामले में थाना श्यांग अंतर्गत ग्राम गिरारी निवासी प्रार्थी चैतराम पिता स्व. रामचरण कंवर 68 वर्ष ने न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, कोरबा के समक्ष धारा 156 (3) के तहत परिवाद प्रस्तुत किया। उसने बताया कि पूर्व में थाना रामपुर एवं पुलिस अधीक्षक को किये गये शिकायत पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। चैतराम कंवर के नाम पर ग्राम रजगामार में खसरा क्रमांक 150, 176, 179, 181, 115, 137, 163, 218, 299 रकबा 0.30, 1.16, 0.95, 2.22, 1.67, 1.22, 0.34, 0.38 एकड़ भूमि स्थित है। पिता की मृत्यु के बाद ग्राम रजगामार स्थित भूमि खसरा क्रमांक 115 रकबा 2.22 संशोधन क्रमांक 125 दिनांक 04/05/1979 के माध्यम से परिवादी चैतराम के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज हुई। 18/02/1991 को ग्राम रजगामार स्थित भूमि खसरा क्रमांक 115 रकबा 2.22 एकड़ को आरोपीगण थानसिंह पिता पुजेरी गोंड़ 59 वर्ष व श्रीमती सीता पति सत्यनारायण ब्राम्हण दोनों निवासी ग्राम ओमपुर, पुलिस चौकी रजगामार के द्वारा आपसी षडय़ंत्र कर आवेदक चैतराम के बिना जानकारी व बिना उपस्थिति के उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत विक्रय विलेख निष्पादित कर उक्त अवैध ढंग से अपने नाम पर दर्ज करवा लिया गया है, तथा उक्त पंजीकृत विक्रय पत्र में आवेदक कभी उपस्थित होकर अंगूठा निशान नहीं लगाया था बल्कि अभियुक्तगण के द्वारा एक साजिश के तहत आवेदक के स्थान पर अन्य अज्ञात व्यक्ति को खड़े कर निष्पादित करवा लिया गया। अपना वास्तविक जाति को छिपाकर पंजीकृत विक्रय पत्र में गोड़ जाति उल्लेख किया गया। इसके बाद उक्त भूमि अनेकों व्यक्तियों के पास विक्रय कर अंतरण कर दिया गया।

इसी प्रकार ग्राम रजगामार स्थित खसरा नम्बर 179 रकबा 1.16, खसरा नम्बर 179 रकबा 1.64, खसरा नम्बर 181 रकबा 0.95, खसरा नम्बर 137 रकबा 1.67, खसरा नम्बर 163 रकबा 1.22, खसरा नम्बर 218 रकबा 0.34, खसरा नम्बर 299 रकबा 0.38, खसरा नम्बर 150 रकबा 0.30 कुल खसरा नम्बर 8, कुल रकबा 7.66 एकड़ 150, 176, 181, 137, 163, 218, 299 रकबा 0.30, 1.16, 0.95, 2.22, 1.67, 1.22,0.34,0.38 एकड़ भूमि जो आवेदक के हक अधिपत्य की भूमि रही, के संबंध में आरोपी थान सिंह गोंड़ के द्वारा अवैध ढंग से षडय़ंत्र पूर्वक व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 कोरबा के प्रकरण क्रमांक 55ए/1993 में अपने पक्ष में निर्णय व डिक्री हासिल कर लिया गया। उक्त प्रकरण में आवेदक चैतराम कभी भी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ था और ना ही अधिवक्ता नियुक्त किया था, ना ही जवाब/जवाबदावा प्रस्तुत किया था, ना ही शपथपूर्वक कथन दर्ज करवाया था। अन्य अज्ञात व्यक्ति को खड़ा कर न्यायालय के सम्पूर्ण कार्यवाही व संचालन में करवाया गया है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

**कोरबा, 17 जून।** एसईसीएल दीपका में नियोजित कंपनी केसीसी के कर्मचारी तुलसी बारिक ने चार ड्राईव्हर और दो आपरेटर को कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर प्रति व्यक्ति 15 हजार के हिसाब से कुल 90 हजार ठग लिए। तुलसी बारिक ने इन 6 लोगों को एक हफ्ते के अंदर काम दिलाने का वादा किया था, लेकिन पीड़ित दो महीने से भटक रहे हैं उन्हें रोजगार नहीं मिला। वही पैसे वापस मांगने पर तुलसी बारीक के द्वारा उन्हें घुमाया जा रहा है। थक हारकर इन पीड़ितों ने कलेक्टर, एसपी, एसईसीएल दीपका के जीएम को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है और 18 जून को आंदोलन की चेतावनी दी है। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में पीड़ित पवन दास, अमित कुमार, शत्रुहन केंवट, रितेश कुमार, देवीचरण एवं मनोज कुमार ने लिखा है कि केसीसी कंपनी के साहब तुलसी बारिक ने एक हफ्ते में काम पर लगाने का वादा किया था जिसके एवज में उन सभी ने एडवांस के रूप में 15-15 हजार रूपये अर्पित कुमार पटेल एवं बपी महाभोई के खाते में 07 मार्च 2024 को डाले थे। दो महीने बीत जाने के बाद भी काम नहीं लगा और अब पैसे वापस मांगने पर हमें घुमाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह 10 माह से काम के लिए भटक रहे हैं और तीन दिन के अंदर पैसे वापस नही होने या काम न मिलने पर 18 जून को परिवार सहित केसीसी कंपनी दीपका में धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे, जिसकी जवाबदारी कंपनी केसीसी दीपका एसईसीएल एवं शासन प्रशासन की होगी।

### पैरालीगल वॉलंटियर को दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा, 17 जून।** जिले के सभी 17 थानों में नियुक्त पैरालीगल वॉलंटियर का प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डिंपल ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली के द्वारा विशेष लोक अदालत 29 जुलाई से 3 अगस्त तक के प्री-सीटिंग के लिए नोटिस जारी किया है। इन संबंधित नोटिसों की जल्द तामिली की जाए। लोक अदालत का जिला व तालुक स्तर के सभी पिछड़े गांवों, दुर्गम स्थलों में प्रचार कर लोगों को लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ देने प्रेरित करें। पैरालीगल वॉलंटियर को बचपन बचाओ आंदोलन के तहत नाबालिग बच्चों के गुमशुदगी से संबंध में मॉनिटरिंग करने नियुक्त किए गए हैं, वे थानों के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत गुमशुदा नाबालिग बच्चे दस्तयाब हुए अथवा नहीं, यदि नहीं हुए तो थानों द्वारा कार्यवाही के स्तर के संबंध में हर महीने प्रतिवेदन जरूरी रूप से प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करें। साथ ही साथ अरेस्ट, प्री-अरेस्ट, रिमांड स्तर पर विधिक सहायता संबंधी जानकारी प्रदान करते हुए पैरालीगल वॉलिंटियर के कार्य और उनके कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

# नाबालिग लड़की को भगाकर बलात्कार करने वाला गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 17 जून।** थाना प्रभारी जितेंद्र एसैया से प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबालिक लडकी को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने व उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार करने वाला आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी का नाम साहिल उर्फ आशु साहू पिता नानुक साहू उम्र 19 सालनिवासी वार्ड क्र0 18 शिक्षक कॉलोनी तिल्दा थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर छ.ग. है। नाबालिग बालिका को साहिल साहू के कब्जे से कटनी मप्र से बरामद कर पूछताछकरने पर बालिका के द्वारा साहिल साहू इसे प्यार करता हू, शादी करूंगा, पत्नि बनाकर रखूंगा बोलकर बहला फुसलाकर भगा ले जाकर कटनी ले गया और रेल्वे स्टेशन कटनी के पास सूनसान जगह में मना करने के बाद भी जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया है बतायी। पीडिता एवं आरोपी का मेडिकल परीक्षण उपरांत प्रकरण में धारा 366, 376, 376(3) भादवि एवं पाक्सो एक्ट की धारा 04, 06 जोडी जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

**न्यायालय तहसीलदार भखारा जिला-धमतरी (छ.ग.)**

क्रमांक/199/वा./तह./जन्म-मृत्यु /2024
भखारा, दिनांक 14/06/2024
मामले की श्रेणी-ब/121
जन्म प्रमाण पत्र
ग्राम- डोमा तहसील भखारा

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुरूचंद पिता श्यामलाल जाति तेर्ली निवासी ग्राम-डोमा तहसील भखारा द्वारा आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक अपने स्वयं गुरूचंद के जन्म दिनांक 04/01/1978 को होने से विलंबित घटना का जन्म पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, ग्राम पंचायत से अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, पेश किया है। आवेदक को आवश्यक कार्य हेतु जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने से जन्म के विलंबित घटना का रजिस्ट्रीकरण कराने जन्म-मृत्यु पंजीयक ग्राम डोमा को प्रमाण पत्र जारी करने आदेशित किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है।

उक्त आवेदन पत्र के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 28/06/2024 के पूर्व दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत समय अवधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/06/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार भखारा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.202406092100024
अ/6 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक स्वाती जैन पति सोनल चोपड़ा जाति जैन निवासी खण्डूपारा वार्ड नंबर 12 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि अनावेदक के स्वामित्व की भूमि नजूल शहर डोंगरगढ़ प.ह.नं. 25 तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव में स्थित शीट क्रमांक 06 भूखंड क्रमांक 1447/2 क्षेत्रफल 857 वर्गफीट भूमि को विक्रय पत्र दिनांक 04/04/2024 के माध्यम से क्रय किया है। अतः क्रय की गई भूमि पर से अनावेदक (विक्रेता) का नाम विलोपित कर आवेदक (क्रेता) का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 05/07/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)

### एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने कहा- रिटायर हुए कामगारों के साथ की जा रही अमानवीय व्यवहार

# रिकॉर्ड उत्पादन के बाद भी रिटायर्ड कर्मचारियों को नहीं दी जा रही 11वें वेतनमान की बकाया राशि

**कोरबा, 17 जून।** भारतीय खान मजदूर फेडरेशन (एटक) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने बयान जारी कर कहा है कि एसईसीएल प्रबंधन रिटायर्ड हुए कामगारों के साथ अमानवीय हरकतें कर रही है।

इस संबंध मे उन्होंने विस्तार से बताया कि कोयला मजदूरों का 11वां वेतन समझौता 20.5.2023 को हुआ जो कि नियमानुसार 1.7.2021 से लागू किया गया। इस दरम्यान जो मजदूर 1.7.2021 के बाद रिटायर्ड हुए हैं उनको एरियर का भुगतान नही किया गया है जबकि 13 मार्च को कोल इंडिया के निदेशक ( कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध) ने सभी अनुषंगी कंपनी के प्रबंध निदेशक को निर्देश दिया था कि 31 मार्च तक रिटायर्ड कामगारों का बकाया एरियर भुगतान कर दिया जाए परंतु सुत्रों के हवाले से जो जानकारी मिल रही है कि एसईसीएल के सिर्फ चार एरिया क्रमशः गेवरा, दिपिका, सोहागपुर एंव बिश्रामपुर मे ही सेवानिवृत कर्मचारियों को 11 वां वेतनमान समझौते का एरियर भुगतान किया गया है जबकि 31 मार्च 2024 तक एसईसीएल के सभी क्षेत्रों के सेवानिवृत्त कामगारों को राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता 11 के तहत बढ़े हुए वेतनमान का बकाया रकम का भुगतान किया जाना था पर नहीं किया गया है।

दीपेश मिश्रा ने कहा एक तरफ तो एस.ई.सी.एल प्रबंधन प्रेस बयान देकर यह दावा करती है कि वित्तीय वर्ष 23-24 मे एसईसीएल ने 187 मिलियन टन उत्पादन कर रिकॉर्ड बनाया है परंतु वंही सेवानिवृत हुए कामगारों का 11वां वेतनमान का बकाया रकम का भुगतान नहीं किया गया जो कि कायदे से 31 मार्च 2024 तक कर दिया जाना था परंतु उसे बेवजह रोक दिया गया है जो कतई उचित नहीं है। दीपेश मिश्रा ने कहा कि एक ओर रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया ने सभी बैंकों को गाइडलाइन जारी करते हुए कहा हैकि बैंक मे जमा रकम का प्रतिदिन का ब्याज देना है तो इस क्रम मे अगर एसईसीएल प्रबंधन ने 31.3.2024 तक तय सीमा के तहत बैंक खाते मे सेवा निवृत हुए कामगारों को राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता 11 का बकाया रकम बैंक खाते में नहीं डाला है तो आज दिनांक तक का ब्याज जोड़कर क्या प्रबंधन सेवानिवृत हुए कामगारों को बकाया एरियर रकम का भुगतान करेगा? यह एक सवाल है। उन्होंने अंत में कहा कि सेवानिवृत हुए कामगारों को बकाया एरियर का भुगतान न करना यह एसईसीएल प्रबंधन के सेवानिवृत हुए कामगारों के प्रति गैरजिम्मेदाराना हरकतों को उजागर करता है जो कतई ठीक नहीं है। इस क्रम मे एसईसीएल से कहा है कि जिन क्षेत्रों मे एरियर भुगतान नहीं किया है तत्काल सेवानिवृत हुए कामगारों को ब्याज जोड़कर बकाया एरियर भुगतान किया जाए।

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार 1. अशोक कुमार जैन, उम्र लगभग 60 वर्ष, आत्मज स्व. श्री बाबूलाल जैन एवं 2. आगम जैन, उम्र लगभग 22 वर्ष, आत्मज श्री अशोक कुमार जैन, दोनों निवासी EWS-50, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, कोरबा, तहसील एवं जिला - कोरबा (छ.ग.), ग्राम उरकुरा, प.ह.नं. 40, तह. एवं जिला रायपुर (छ.ग.), स्थित भूमि खसरा नं.-78/31 की रकबा 0.0540 हेक्टेयर के स्वामी हैं. उक्त सम्पत्ति मेरे पक्षकारों द्वारा स्वअर्जित आय से अर्जित की गई है. इसलिये उक्त सम्पत्ति का हस्तान्तरण/नामान्तरण करने का अधिकार मेरे पक्षकारों को ही है.

मेरे पक्षकार को प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त भूमि में से कुछ भूमि का विक्रयोपरान्त हस्तान्तरण किन्हीं व्यक्तियों द्वारा कूटरचित दस्तावेज के माध्यम से करने का प्रयास किया जा रहा है. इस प्रकाशन के माध्यम से आगाह किया जाता है, कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त वर्णित भूमि या उसके किसी भी अंश को क्रय कर अर्जित करने के लिये किसी भी व्यक्ति से कोई भी सौदा/अनुबंध/विक्रय पत्र का निप्पादन/पंजीयन न करे. ऐसे किसी भी सम्व्यवहार के लिये सम्बन्धित व्यक्ति ही दायित्वाधीन रहेंगे. मेरा पक्षकार ऐसे किसी भी लेनदेन के लिये उत्तरदायी नहीं होगा. भूमि के स्वामित्व एवं आधिपत्य के समस्त दस्तावेज मेरे कार्यालय में सुरक्षित हैं.

कोरबा
दिनाँक 16/06/2024

वीरेन्द्र नारद
अधिवक्ता
कोरबा (छ.ग.).

# 11 लोकसभा सीटों की चुनावी 'कुंडली' आयोग को प्रेषित

## हार-जीत का अंतर एवं अन्य बिन्दुओं की दी गई जानकारी

■ स्थानीय राजपत्र में भी विजयी प्रत्याशियों का नाम किया गया प्रकाशित

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 17 जून।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त के निर्देश पर 18वीं लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ ने सभी 11 लोकसभा सीटों के चुनाव का विवरण (इंडेक्स कार्ड) दिल्ली भेज दिया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार छत्तीसगढ़ में कुल 11 लोकसभा सीट है। सरगुजा, रायगढ़, कांकेर तथा बस्तर आदिवासी वर्ग के लिए तथा चांपा-जांजगीर अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। शेष सामान्य सीटें हैं। लोकसभा चुनाव में हार-जीत का विवरण एवं मतों के अंतर सहित अन्य बिन्दुओं की जानकारी जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इंडेक्स कार्ड तैयार किया है। सीईओ कार्यालय के अनुसार 4 जून को मतों की गणना के पश्चात देर शाम परिणाम आ गए थे। नियमानुसार 15 दिनों के भीतर इंडेक्स कार्ड भेजना होता है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार सभी 33 जिलों में मतों की गणना हुई है। इसलिए सभी जिलों से कुल प्राप्त मत सहित अन्य बिन्दुओं पर जानकारी मंगाई गई है। डाकमतपत्र, अनिवार्य सेवा पत्र, दिव्यांगजनों एवं थर्ड जेंडर द्वारा किए गए मतों का प्रतिशत भी अलग-अलग निकाला गया है। छत्तीसगढ़ में मतों का प्रतिशत अच्छा रहा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ईवीएम, वीवीपैट के उपयोग के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए गए थे। आयोग ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सामान्य, व्यय, सुरक्षा प्रेक्षक नियुक्त किए गए थे। नक्सल क्षेत्रों में बड़ी संख्या में सेंट्रल फोर्स तैनात किया गया था। मतदान दलों की सुरक्षा के लिए हेलीकाप्टर दिए गए थे। आयोग के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य नक्सल क्षेत्रों में चुनाव कराना है। कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने आयोग ने अनुशंसा की है। ज्ञात रहे लोकसभा चुनाव का आधा खर्च भारत सरकार और आधा राज्य शासन को वहन करना पड़ता है। नियमानुसार भारत सरकार द्वारा भेजी गई राशि काफी कम होती है इसलिए राज्य शासन पर ही ज्यादा निर्भर होना पड़ता है।



रायपुर 17 जून। बकरीद पर आज ईदगाहभाठा में मुस्लिम भाइयों ने विशेष नमाज अदा की।

### अमानक दवाइयों के खिलाफ राज्य में सघन जांच अभियान

**रायपुर, 17 जून।** छत्तीसगढ़ खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने अमानक दवाइयों के खिलाफ राज्य भर में दो दिवसीय अभियान चलाया है। 19 औषधि प्रतिष्ठानों से संदेहास्पद 17 दवाओं और फूड सप्लीमेंट के सैंपल लिए। जिन्हें कालीबाड़ी स्थित राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। रायपुर व दुर्ग के चार-चार, बिलासपुर के पांच, सरगुजा और बस्तर के तीन-तीन प्रतिष्ठानों से सैंपल लिए गए हैं। इससे पहले आठ जून को राज्य के कई जिलों के ड्रग वेयर हॉउस, जिला अस्पताल और विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आयरन और फोलिक एसिड टेबलेट के सैंपल लिए गए थे।

## एक नजर

### युवक पर चाकू से हमला

**रायपुर, 17 जून।** बंजरपारा सड्डू में चार युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महादेव हंस 26 वर्ष बंजरपारा सड्डू का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी वरूण साहू, राकेश साहू, नितेश सारथी व अन्य मोहल्ले में गाली-गलौज कर रहे थे। जिससे प्रार्थी के बड़े भाई कृपाराम हंस 28 वर्ष ने मना किया, तो आरोपियों ने कृपाराम पर चाकू से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 307, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### जॉब दिलाने का झांसा देकर 10 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर, 17 जून।** घर बैठे जॉब दिलाने का झांसा देकर 10 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी निलेश कुमार साहू 34 वर्ष रामदरबार गेट के पास कोटा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी अनु सिथारा, नाहित चौहान व अभिनव द्विवेदी ने प्रार्थी को घर बैठे जॉब दिलाने का झांसा देकर प्रोडक्ट खरीदने पर बोनस देने का झांसा दिया और अपने खाता में विभिन्न किस्तों में 10 लाख 88 हजार 514 रुपए डलवा कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दुकान के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 17 जून।** नवबोध टॉवर के पास शंकरनगर में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मुन्ना कुमार 32 वर्ष स्पर्श लाइफ सिटी नरदहा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमएम 7640 को शंकरनगर स्थित नवबोध टावर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### मेटाडोर की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत

**रायपुर, 17 जून ।** रायपुरा ओव्हरब्रीज के पास एक तेज रफ्तार मेटाडोर ने बाइक सवार बुजुर्ग को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में डीडीनगर पुलिस ने मेटाडोर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कलीराम वर्मा 60 वर्ष कोहका भिलाई का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी रायपुरा ओव्हरब्रीज के पास मेटाडोर क्रमांक सीजी 04 एनडी 5998 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार कलीराम वर्मा की मौत हो गई। मामले में डीडीनगर पुलिस ने मेटाडोर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 16 गिरफ्तार

**रायपुर, 17 जून ।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर थाना पुलिस ने मेडिसाइन अस्पताल के पास सरेआम शराब पीते आरोपी सीताराम साहू 25 वर्ष, गंज थाना पुलिस ने आरोपी मोहम्मद निजाम 40 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी सुखनंदन दास मानिकपुरी 29 वर्ष व दिलीप साहू 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी संतोष साहू 29 वर्ष व संदीप जंघेल 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी रविंद्र कुमार मरकाम 30 वर्ष, खमतराई पुलिस ने आरोपी चंद्रदेव पण्डित 55 वर्ष व मिश्री यादव 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं डीडीनगर पुलिस ने आरोपी संतोष साहू 22 वर्ष, संतोष साहू 34 वर्ष, हेमंत देवांगन 28 वर्ष व जीतेंद्र खेरवार 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह धरसींवा पुलिस ने आरोपी दयाराम वर्मा 22 वर्ष व धर्मेन्द्र वर्मा 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी गोविन्द गायकवाड 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## निधन

### शारदा दत्त त्रिपाठी



**रायपुर।** वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट शारदा दत्त त्रिपाठी का रविवार शाम को निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज उनके निवास स्थान ललिता चौक बढ़ई पारा से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकली जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे पंडित चंद्रशेखर दत्त के ज्येष्ठ पुत्र ,राहुल,रोहित के पिता और पंडित पी एस त्रिपाठी ,योगेश, सनत दत्त त्रिपाठी के बड़े भाई थे।

### 4 से 5 दिनों में छत्तीसगढ़ के कई जिलों में मानसून के आने की संभावना

**रायपुर, 17 जून।** देश के अधिकतर राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है। वहीं, अब छत्तीसगढ़ के कई जिलों में गर्मी से राहत मिलने वाली है स्थानीय मौसम विभाग ने बताया कि अगले 4 से 5 दिनों में छत्तीसगढ़ के कई जिलों में मानसून के आने की संभावना है। मानसून के चलते तेज हवाओं के साथ बारिश होने का अनुमान है। पिछले कई दिनों से राजधानी रायपुर में लोग भीषण गर्मी से परेशान हैं। राजधानी में रविवार को हल्के बादल छाए रहे। शनिवार को रात में कई जगहों पर हल्की बूंदाबांदी भी हुई है। ऐसे में मौसम विभाग ने बताया कि सोमवार को रायपुर, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, और कांकेर जिलों में बारिश होने का अनुमान है। बारिश के बाद अधिकतम तापमान में गिरावट आ सकती है। इससे राजधानी समेत अन्य जिले के लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार अगले 4 से 5 दिनों में राज्य में मानसून आ जाएगा। राज्य के कई जिलों में झमाझम बारिश होगी। लोगों को दिन के समय चलने वाली भीषण लू और चिलचिलाती गर्मी से राहत मिल जाएगी। स्थानीय मौसम विभाग ने राजधानी रायपुर के अलावा सुकमा, बीजापुर, धमतरी, महासमुंद, रायगढ़, कोरबा, और बिलासपुर जिले में आंधी-तूफान के साथ बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। साथ ही बताया कि इस दौरान कई जगहों पर आसमान से बिजली गिरने और ओलावृष्टि होने की भी संभावना है। पिछले दो महीनों से इन सभी जिलों में भीषण गर्मी पड़ रही है।

# सीसीपीएल किसी भी मायने में आईपीएल से कम नहीं: साव



**रायपुर 17 जून।** नवा रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) का फाइनल मुकाबला रायपुर रायनोस और बिलासपुर बुल्स के बीच खेला गया। इस मैच को देखने उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव स्टेडियम पहुंचे। यहां दर्शकों ने उपमुख्यमंत्री का तालियों से स्वागत किया, वहीं श्री साव ने हजारों दर्शकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। सीसीपीएल को लेकर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, यह आयोजन किसी भी मायने में आईपीएल से कम नहीं है। इसमें खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मौका मिला है। इससे निश्चित ही छत्तीसगढ़ से नई प्रतिभाएं सामने आएंगी। श्री साव ने कहा कि, फाइनल मुकाबला देखने 20 हजार से ज्यादा दर्शक पहुंचे हुए हैं। यह लीग और राज्य के खिलाड़ियों के प्रति अपार प्रेम को दर्शाता है। श्री साव ने कहा कि, छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी शशांक सिंह ने आईपीएल में धूम मचाया था। इसी तरह सीसीपीएल के जरिए छत्तीसगढ़ के अन्य खिलाड़ियों को भी आईपीएल में खेलने का मौका मिलेगा। इससे प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन होगा।

# शासकीय महाविद्यालयों में आईटी, कम्प्यूटर व बायो साइंस में प्रवेश की होड़

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 17 जून।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से संबद्ध शासकीय एवं अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों में नए कोर्स जैसे आईटी, कम्प्यूटर साइंस, बायो साइंस में प्रवेश के लिए छात्रों का रुझान देखने को मिला है। फिलहाल रविवि ने 18 जून को प्रवेश के लिए पोर्टल खोलने का निर्देश दिया है। रविवि से मिली जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय से शासकीय एवं निजी महाविद्यालय संबद्ध रहते हैं। सभी महाविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया के लिए 18 जून को पोर्टल खोलने के बाद रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा। शासकीय महाविद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति एवं अन्य शोध कार्य अनिवार्य रूप से कराए जाते हैं। नियमित रूप से अध्ययन होता है। इसलिए राजधानी स्थित साइंस कालेज, बजरंग कन्या महाविद्यालय, छत्तीसगढ़ कालेज, कन्या महाविद्यालय देवेन्द्र नगर एवं टिकरापारा में प्रवेश के लिए छात्र उत्साहित है। अनुदान प्राप्त कालेजों में नियमों का पालन होता है, लेकिन इसमें काफी शिथिलता बरती जाती है। इस वर्ष विवि में 70 प्रतिशत कट ऑफ मार्क्स रखा है। शासकीय महाविद्यालयों में पहले मेरिट सूची, फिर रेग्युलर सूची निकाली जाती है। इस वर्ष छात्रों में नए कोर्स में प्रवेश के लिए ज्यादा रुझान दिखा पड़ रहा है। इसलिए कालेजों में कौन-कौन से कोर्स हैं इसकी जानकारी छात्र ले रहे हैं। जो छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं दे चुके हैं वे परीक्षाफल का इंतजार कर रहे हैं। पत्रकारिता विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 18 जून से पत्रकारिता एवं जनसंचार विषयों की परीक्षाएं शुरू हो रही है। विवि स्तर पर सेमेस्टर परीक्षाएं भी शुरू होंगी। परीक्षा का समय प्रातः 9 से 12 बजे तक रहेगा। छत्तीसगढ़ में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विवि चल रहा है। इसके अधीन सभी परीक्षाएं संचालित होती है।

# सुरक्षा बलों ने 161 दिनों में 141 नक्सलियों का किया एनकाउंटर

**रायपुर, 17 जून ।** नक्सलियों के गढ़ बस्तर संभाग को नक्सलवाद से मुक्त कराने के लिए छत्तीसगढ़ में जवानों ने अभियान चला रखा है। लगातार नक्सलियों का एनकाउंटर हो रहा है। इससे नक्सलियों के पैर उखड़ रहे हैं। नक्सल मोर्चे पर फोर्स को एक के बाद एक बड़ी कामयाबी मिल रही है।बस्तर की मनमोहक और खूबसूरत प्राकृतिक वादियों से 'लाल आतंक' के साये को खत्म करने के लिए बस्तर संभाग में फोर्स मोर्चा संभाली हुई है। 161 दिन के अंदर बड़े नक्सल एनकाउंटर में सुरक्षा बलों ने 141 नक्सलियों को मौत के घाट उतारे हैं। इससे पूर्व 10 मई को बीजापुर में पुलिस फोर्स ने एनकाउंटर में 12 नक्सलियों को मौत की नींद सुलाई थी।

16 अप्रैल को कांकेर में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गये थे। यह देश की सबसे बड़ी नक्सली मुठभेड़ थी, जिससे नक्सली डर के भय से कांप उठे थे। 30 अप्रैल को 9 घंटे तक चली मुठभेड़ जवानों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया था। बूझमाड़ के टेकामेटा के जंगलों में डीआरजी और एसटीएफ के जवानों का सामना नक्सलियों से हुआ था। मारे गए नक्सलियों में 3 महिला और 7 पुरुष माओवादी शामिल थे। प्राथमिक तौर पर मुठभेड़ में मारे गये माओवादियों में से 2 की शिनाख्तगी डीवीसीएम जोगन्ना और डीवीसीएम विनय उर्फ अशोक के रूप में हुई थी। इस साल बस्तर रेंज में 141 माओवादी ढेर हो चुके हैं।

पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी ने बताया कि वर्ष 2024 में अब तक प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई नक्सली संगठन के विरूद्ध चले अभियानों में बस्तर रेंज के तहत कुल 141 नक्सलियों के शव बरामद करने के साथ ही अत्याधुनिक हथियारों में दो एलएमजी, चार एके-47- 04, एक एसएलआर, तीन इंसास, चार 303 रायफल और चार 9एमएम पिस्टल सहित बड़ी संख्या में अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद हुई हैं। 27 मार्च को छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के चिपुरभट्टी-पुसबाका के पास वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ जवानों ने एक नक्सली डिप्टी कमांडर समेत छह नक्सलियों को मार गिराया था। घटना स्थल से नक्सलियों के शव समेत हथियार बरामद हुए थे। मारे गए नक्सलियों में एक महिला नक्सली भी शामिल थी। मामला बासागुड़ा थाने क्षेत्र का था। दो अप्रैल को बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र के कोरचोली और लेंड्रा के जंगल में हुई जबरदस्त मुठभेड़ में पुलिस ने तीन महिला नक्सली समेत 13 नक्सलियों को मार गिराया था। घटनास्थल से पुलिस ने कई अत्याधुनिक हथियार बरामद किये थे। इनमें 1 नग 7.62 एलएमजी -58 राउंड, 1 नग 303 रायफल -39 राउंड, 12 बोर सिंगल शॉट 1 नग, बीजीएल लांचर 3 नग ड्ड 17 सेल, एयर गन 2 नग, विस्फोटक ड्ड हेंड ग्रेनेड 1, यूबीजीएल सेल 1, टिफिन बम 7 नग, जिलेटिन स्टीक कार्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, डेटोनेटर, इलेक्ट्रिक वायर, उपकरण -लेपटॉप, डीव्हीडी राईटर, वॉकीटॉकी और नक्सली वर्दी, पिट्ठू, सोलर प्लेट, नक्सली प्रचार प्रसार सामग्री, नक्सली साहित्य और रोजमर्रा के सामान शामिल थे। फोर्स और नक्सलियों के साथ 6 अप्रैल को हुई मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गये थे। तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर पुजारी कांकेर के करींगुटा के जंगलों में मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर हुए थे। मामला उसूर थाने क्षेत्र का था। इतना ही नहीं घटनास्थल से एक एलएमजी और एक एके-47 समेत कई हथियार बरामद हुए थे। 16 अप्रैल को कांकेर जिले के छोटे बेठिया थाना क्षेत्र के माड़ इलाके में देश की सबसे बड़ी मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गये थे। पुलिस फोर्स और नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में नक्सली कमांडर शंकर राव ढेर हो गया था।

# बलौदाबाजार घटना के विरोध में कांग्रेस का 18 को प्रदर्शन



**रायपुर 17 जून।** छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले में हुई दिल दहला देने वाली घटना के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय शासन प्रशासन की विफलता को कारण माना है, घटना को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से इस्तीफे की मांग भी की है। कांग्रेस का कहना है कि बलौदा बाजार की घटना ने साबित कर दिया कि सुरक्षा को लेकर सरकार कितनी गंभीर है, पूरी घटना को लेकर कांग्रेस के नेता बलोदा बाजार भी पहुंचे थे और वहां पीड़ितों से मुलाकात भी की है, जिसे लेकर कांग्रेस ने सरकार पर कई आरोप लगाए, इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने जा रही है जिसमें कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज समेत कई नेता गण शामिल होंगे। मंगलवार को सुबह 11-30 से प्रारंभ होने वाले इस धरना प्रदर्शन का आहवान छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया है।कांग्रेसी नेताओं ने बताया कि बलौदा बाजार में हुए हिंसक वारदात के कारण पूरे प्रदेश में आम जनमानस के बीच रोष व्याप्त है इसका मुख्य कारण सरकार की विफल प्रशासन और कानून व्यवस्था है जिसका हम पुज़ोर विरोध करते हैं।

# भाजपा का सेवा पखवाड़ा 23 जून से, नितिन नबीन ने ली बैठक



**रायपुर 17 जून।** बैठक के पश्चात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी की अलग-अलग श्रेणियां की आवश्यक बैठक भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के नेतृत्व में संपन्न हुई। प्रथम बैठक कोर कमेटी, क्लस्टर प्रभारी, लोकसभा प्रभारी एवं लोकसभा संयोजक और सहसंयोजकों की हुई और दूसरी बैठक भाजपा विधायक दल की हुई जिसमें आगामी कार्य योजना को लेकर प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन जी का मार्गदर्शन सबको प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि 23 जून से लेकर 6 जुलाई तक भाजपा की सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में सब की सहभागिता सुनिश्चित हो और संगठन की दृष्टि से भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इन कार्यक्रमों के लिए सभी को जिम्मेदारी दी जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि 21 जून को योग दिवस की कार्यक्रम को संगठन स्तर पर और साथ ही साथ सरकार के स्तर पर भी करने की योजना बनाई गई है। योग दिवस कार्यक्रम माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर प्रशासनिक स्तर पर यह कार्यक्रम मनाया जाएगा। योग दिवस के कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी मंडल जिला एवं प्रदेश स्तर पर मनाएगी। इसके लिए कार्य योजना सुनिश्चित हो गई है और लोगों को जिम्मेदारी भी दी गई है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आज छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कोर कमेटी, भाजपा विधायक दल एवं सांसद दल की आवश्यक बैठक ली। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, सांसद एवं विधायकगण मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि यह बहुत ही ऐतिहासिक क्षण है लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से भाजपा ने 10 में विजय श्री प्राप्त की है और छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा पर फिर से भरोसा किया है। भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा की है।

बैठक में सांसद महेश कश्यप, भोजराज नाग, संतोष पांडेय, रूपकुमारी चौधरी, राधेश्याम राठिया, श्रीमती कमलेश जांगड़े, चिंतामणि महाराज, मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, लखन लाल देवांगन, श्यामबिहारी जायसवाल, टंक राम वर्मा, लक्ष्मी रजवाड़े, दयालदास बघेल, क्लस्टर प्रभारी एवं विधायक अजय चंद्राकर, अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, प्रदेश महामंत्री भरत लाल वर्मा, जगदीश रामू रोहरा, रामजी भारती सहित सभी विधायक एवं प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26